sancharjagat.com

editorial@sancharjagat.com

संचार जगत

आप सभी पाठकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

वर्षः 13 | अंकः 279 | जयपुर, रविवार, 08 नवम्बर 2026 | मूल्यः 2.00 रूपए | पृष्ठः 8

दीपोत्सव से जगमगाई रामनगरी...

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम की पैड़ी पर जलाए दीपक, 2100 ड्रोन से हुआ विशेष शो, आतिशबाजी ने बांधा समां



नई दिल्ली/संचार जगत



अयोध्या में शनिवार को 10वें दीपोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। सरयू नदी के किनारे स्थित 56 घाटों पर 36 लाख से अधिक मिट्टी के दीये जलाए गए। सूर्यास्त के बाद दीपों की रोशनी से पूरी रामनगरी जगमगा उठी।

इस अवसर पर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम की पैड़ी पर दीप प्रज्वलित किए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार 10वीं बार दीपोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राम की पैड़ी और सरयू घाट पर लेजर शो के माध्यम से रामायण का प्रदर्शन किया गया। 2100 ड्रोन से विशेष शो हुआ। इसके बाद आतिशबाजी की गई। सरयू तट पर 2147 अर्चकों ने महाआरती की। इससे पहले अयोध्या में करीब तीन घंटे तक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें 21 झांकियां शामिल रहीं। इन झांकियों के माध्यम से रामायण के सातों कांडों का चित्रण किया गया।

हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

अवधपुरी में आयोजित कार्यक्रम में पुष्पक विमान से राम, लक्ष्मण और माता सीता की भूमिका निभा रहे कलाकारों के उतरने पर हेलीकॉप्टर से फूलों की बारिश की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री, मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों ने कलाकारों का रथ खींचा।

इस बार भी जवानों के साथ दिवाली मनाएंगे पीएम मोदी

नई दिल्ली, आरएनएन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देशवासियों को दिवाली की शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि इस बार भी वह देश के वीर जवानों के बीच जाकर दिवाली मनाने की परंपरा जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि दिवाली का पर्व पूरे देश को रोशनी से जगमगा रहा है। प्रकाश का यह त्योहार अंधकार के खिलाफ देश के संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व और आने वाला समय सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। मोदी ने कहा, मैं भी आपकी तरह बड़े उत्साह से दिवाली मनाता हूं। हर साल देश के वीर जवानों के बीच जाना मेरा नित्यक्रम है। इस बार भी यह जारी रहेगा। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि इस बार वह किस सैन्य ठिकाने पर जवानों के साथ त्योहार मनाएंगे।



प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं, सुख-शांति और समृद्धि की कामना

CM शर्मा बोलेः हर घर में खुशहाली, हर मन में सद्भाव का हो उजास

संचार जगत

जयपुर। दीपावली भारतीय संस्कृति का अनुपम पर्व है। अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक यह महापर्व हमारी सनातन परंपरा और आध्यात्मिक चेतना का परिचायक है। राजस्थान की धरा पर दीपावली का उल्लास विशेष रंगत



लिए हुए है। दीपावली पर घरों में बनने वाले मांडने, रंगोली, पारंपरिक सजावट, लोकगीत और बाजारों की रौनक मरुधरा की जीवंत संस्कृति को अभिव्यक्त करते हैं। मेरी मंगलकामना है कि यह पंचदिवसीय दीपोत्सव प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख, शांति, आरोग्य और समृद्धि लेकर आए। हमारी सनातन संस्कृति की शक्ति उदारता और प्रकृति के प्रति सम्मान में निहित है। मिट्टी के दीपकों को प्राथमिकता दें, स्थानीय कुम्हारों और शिल्पकारों के उत्पाद खरीदें तथा ग्रीन पटाखों का उपयोग कर वायु और ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित रखें।यह पर्व स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देने का भी अवसर है। 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को अपनाकर स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देना आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में हमारा व्यावहारिक योगदान होगा।

इंडिगो फ्लाइट में हाईजैक की धमकी बेंगलुरु लौटा विमान

बेंगलुरु, आरएनएन। बेंगलुरु से लखनऊ जा रही इंडिगो की फ्लाइट में शनिवार को हाईजैक की धमकी मिलने से हडक़ंप मच गया। विमान के टॉयलेट में हस्तलिखित धमकी भरा नोट मिलने के बाद पायलट ने सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत विमान को वापस बेंगलुरु ले जाने का फैसला किया। उड़ान में 178 यात्री सवार थे। सुरक्षा एजेंसियों ने विमान की तलाशी के बाद किसी तरह का खतरा नहीं मिलने की बात कही। इंडिगो की उड़ान संख्या 6ई-451 शनिवार शाम 5:50 बजे केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से लखनऊ के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के करीब 30 मिनट बाद एक यात्री को विमान के शौचालय में कागज का टुकड़ा मिला था।

अमिताभ बच्चन की अचानक बिगड़ी तबीयत

मुंबई, आरएनएन। अभिनेता अमिताभ बच्चन की तबीयत खराब होने के कारण रियलिटी शो कौन बनेगा करोड़पति 18 की शूटिंग कुछ समय के लिए रोक दी गई है। बताया जा रहा है कि मौसम में बदलाव के चलते उन्हें हल्का बुखार और सीजनल फ्लू हुआ था।

बीच में रुकी केबीसी 18 की शूटिंग

ट्रम्प बोले-तेहरान डील के लिए बेताब, 8 माह से जारी जंग को खत्म करने के लिए जारी है वार्ता

ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम की जानकारी देने वाले को 168 करोड़ का इनाम देंगे डोनाल्ड ट्रम्प

नई दिल्ली/संचार जगत

यूएस ने ईरान के एटमी प्रोग्राम से जुड़ी जानकारी देने वालों के लिए 20 मिलियन डॉलर यानी करीब 168 करोड़ रुपए तक के इनाम का ऐलान किया है। यह जानकारी देने वालों को जरूरत पड़ने पर किसी सुरक्षित देश में शिफ्ट करने की सुविधा भी दी जा सकती है। अमेरिका का यह कदम ऐसे समय आया है, जब दोनों देशों के बीच 8 महीने से जारी जंग को खत्म करने के लिए वार्ता जारी है।

रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस प्रोग्राम के तहत मिलेगा इनाम- यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने 7 नवंबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी। यह इनाम अमेरिकी विदेश विभाग के रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस प्रोग्राम के तहत दिया जाएगा। इस प्रोग्राम की शुरुआत 1984 में हुई थी। इसके तहत अमेरिकी नागरिकों और नेशनल थ्रेट को खतरे से बचाने में मदद करने वाली जानकारी देने वालों को आर्थिक इनाम दिया जाता है।

अमेरिका को किस तरह की जानकारी चाहिए- यूएस को ईरान के एटमी ठिकानों, वहां मौजूद सेंट्रीफ्यूज, यूरेनियम एनरिचमेंट से जुड़े इक्विपमेंट और उनकी आवाजाही की जानकारी चाहिए।



ट्रम्प बोले, ईरान के पास एटम बम होते तो इस्तेमाल कर चुका होता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच नी दावा किया कि ईरान जंग खत्म करने और अमेरिका के साथ समझौता करने के लिए बेताब है। ट्रम्प ने कहा- हम इस समय ईरान से निपट रहे हैं। वे किसी भी कीमत पर समझौता करना चाहते हैं। ट्रम्प ने ईरान पर अमेरिकी हमलों को सही ठहराया। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर हमले नहीं किए होते, तो आज इजराइल का वजूद खतरे में होता। ट्रम्प ने यह भी दावा किया कि अगर ईरान के पास परमाणु हथियार होते, तो वह उनका इस्तेमाल कर चुका होता और पूरे मिडिल ईस्ट को तबाह कर देता।

पिकैक्स माउंटेन पर ट्रम्प की नजर

ट्रम्प ने ईरान में एक-दो और ठिकानों पर हमले की चेतावनी दी है। इनमें पिकैक्स माउंटेन भी शामिल है। यह नतांज के पास जमीन के नीचे बना एक बेहद सुरक्षित ठिकाना है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने 1 नवंबर को कहा था कि अमेरिका इसे 10 मिनट में निशाना बना सकता है। 3 नवंबर को उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर इस ठिकाने पर एक घंटे के भीतर हमला किया जा सकता है। ईरान लगातार यहां न्यूक्लियर फैसिलिटी होने से इनकार करता रहा है।

इंटेलिजेंस जुटाने की कोशिश जारी

एक तरफ कतर की मध्यस्थता में अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत चल रही है। इसका मकसद जंग दोबारा शुरू होने से रोकना है। दूसरी तरफ अमेरिका ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम से जुड़ी जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहा है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने भी इस हफ्ते कहा था कि उनका देश बातचीत के जरिए संकट का समाधान निकालने के लिए तैयार है। ऐसे में इनाम का ऐलान दिखाता है कि अमेरिका बातचीत के साथ-साथ ईरान के न्यूक्लियर नेटवर्क की जानकारी जुटाने पर भी जोर दे रहा है।

राजनाथ ने बताया दिवाली का बड़ा तोहफा

अग्निवीरों को दोबारा सेना में सेवा का मिलेगा मौका

नई दिल्ली/संचार जगत



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अग्निवीरों को दोबारा देश की सेवा करने का अवसर देने के लिए 'सेकंड टूर ऑफ ड्यूटी' को मंजूरी दी गई है। उन्होंने इसे अग्निवीरों के लिए दिवाली का बड़ा तोहफा बताया।

इस व्यवस्था के तहत दो साल की सेवा अवधि पूरी होने के बाद सभी अग्निवीरों को नियमित सैनिक के रूप में भर्ती होने का अवसर मिलेगा , हालांकि इसके लिए उनकी इच्छा और निर्धारित चयन मानदंडों को पूरा करना जरूरी होगा। सिंह ने शनिवार को दिवाली पर पश्चिम बंगाल के बागडोगरा एयर फोर्स स्टेशन में वायुसेना के जवानों से बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने सशस्त्र बलों से उभरते सुरक्षा खतरों का सामना करने के लिए अपनी सैन्य तैयारी का स्तर हमेशा सबसे ऊंचा रखने का आह्वान किया। मौजूदा समय में सुरक्षा चुनौतियां पहले से अधिक जटिल हो गई हैं। अब युद्ध केवल सीमाओं पर पारंपरिक लड़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें साइबर हमले, ड्रोन के झुंड, छद्म युद्ध, सोशल मीडिया के जरिए भ्रामक सूचनाएं फैलाना और सूचना के स्तर पर अभियान चलाना भी शामिल है।

ऐसे में सैन्य बलों को क्षेत्र की जानकारी, साइबर सुरक्षा और सूचनाओं की विश्वसनीयता पर विशेष ध्यान देना होगा। दुश्मन कई बार सीधे मुकाबले के बजाय हमारी कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिश करता है। सोशल मीडिया के माध्यम से स्थानीय लोगों और सैनिकों के मन में भ्रम पैदा करने के लिए गलत सूचनाएं फैलाई जा सकती हैं।

रियाद एयरपोर्ट, अरामको रिफा. पर हूती के ताबड़तोड़ हवाई हमले

नई दिल्ली/संचार जगत



यमन के हूती विद्रोहियों ने शनिवार को सऊदी अरब में 6 सैन्य अभियान चलाने का दावा किया। उनके मुताबिक, इन हमलों में रियाद के किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, अरामको की तेल फैसिलिटी और नजरान में नेशनल गार्ड के शिविर को निशाना बनाया गया।

इसके अलावा खुरैस और दवदमी में ऊर्जा से जुड़े ठिकानों और सैन्य ठिकानों पर भी हमले किए गए। हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि इन हमलों में बैलिस्टिक मिसाइल, क्रूज मिसाइल और ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। हालांकि, सऊदी अरब की ओर से इन हमलों की तत्काल पुष्टि नहीं की गई है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने एक्स पर बयान जारी कर इन हमलों की जानकारी दी।

सऊदी की ओर से इन हमलों की तत्काल पुष्टि नहीं की गई

अमेरिका: व्हाइट हाउस के पास से वेनेजुएला का शख्स गिरफ्तार

वाशिंगटन, आरएनएन। अमेरिका के व्हाइट हाउस के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों को संदिग्ध की गाड़ी से तीन हथियार और दर्जनों कारतूस मिले हैं। संदिग्ध ने अधिकारियों को बताया कि उसे अपने दिमाग में कुछ आवाजें सुनाई दे रही थीं, जो उसे वाशिंगटन जाकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या करने के लिए कह रही थीं। बता दें कि यह गिरफ्तारी गुरुवार रात को हुई, जब सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने एक खड़ी गाड़ी में बैठे एक व्यक्ति को देखा, जो संदिग्ध हरकतें कर रहा था।

बड़ा कदम चीन सीमा के करीब टैंक, सैन्य उपकरण व सैनिकों को पहुंचाने की क्षमता का प्रदर्शन

न्योमा में 13,629 फीट की ऊंचाई पर उतरा वायुसेना का गजराज

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय वायुसेना के भारी परिवहन विमान आईएल-76एमडी (गजराज) ने पूर्वी लद्दाख के न्योमा एयरबेस पर 13,629 फीट की ऊंचाई पर सफल लैंडिंग की। वायुसेना के अनुसार, इस श्रेणी के विमान की दुनिया में यह सबसे ऊंचाई पर लैंडिंग है।

इस उपलब्धि से चीन सीमा के करीब स्थित क्षेत्र में भारतीय वायुसेना की भारी सामान पहुंचाने की क्षमता का प्रदर्शन हुआ है। न्योमा एयरबेस वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से करीब 23 किमी दूर स्थित है।

एलएसी से करीब 23 किमी दूर भारी परिवहन विमान की लैंडिंग



यहां लगभग 2.7 किमी लंबा रनवे है। इस एयरबेस पर भारी परिवहन विमान के उतरने से सेना के लिए टैंक, सैन्य वाहन, उपकरण और सैनिकों को अग्रिम क्षेत्रों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। टैंक और भारी उपकरण ले जाने में सक्षम चार इंजनों वाला आईएल-76एमडी रूस में निर्मित सैन्य परिवहन विमान है। वायुसेना में इसे गजराज के नाम से जाना जाता है। यह करीब 40 से 50 टन तक भार ले जाने में सक्षम है। इसमें टी-72 मुख्य युद्धक टैंक और सैन्य वाहनों के साथ सैनिकों, हथियारों तथा राहत सामग्री का परिवहन किया जा सकता है।

समुद्र तल से 13,629 फीट की ऊंचाई पर हवा का घनत्व कम होता है। इससे विमान के इंजन और पंखों की कार्यक्षमता प्रभावित होती है। ऐसी परिस्थितियों में सुरक्षित लैंडिंग और उड़ान के लिए विमान के भार, ईंधन, तापमान और रनवे की स्थिति का सटीक आकलन जरूरी होता है। भारी विमान के संचालन में पायलटों के अनुभव और तकनीकी तैयारी की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

‘60 साल बाद भी मां में नहीं बदले ये संस्कार’, सोनिया गांधी की बात पर राहुल हुए

संचार जगत

जयपुर। राहुल गांधी ने मां सोनिया गांधी की तारीफ करते हुए भावुक पोस्ट लिखी। सोनिया ने इंटरव्यू में बताया कि 60 साल बाद भी उनके जीवन के मूल्यों और संस्कारों में कोई बदलाव नहीं आया है।

मां और बेटे का रिश्ता कितना गहरा होता है, इसकी एक झलक कांग्रेस नेता राहुल गांधी की एक सोशल मीडिया पोस्ट में देखने को मिली। मां को लेकर राहुल गांधी का भावुक संदेश शनिवार को सोशल मीडिया पर चर्चा में है। कांग्रेस नेता ने अपनी मां सोनिया गांधी की तारीफ



करते हुए लिखा कि 60 साल बीतने के बाद भी उनमें आज तक कोई बदलाव नहीं आया है। उनके संस्कार और जीवन जीने का तरीका आज भी पहले जैसा है। राहुल ने अपनी भावनाएं जाहिर करते हुए लिखा, ‘मां, मुझे आप पर गर्व है।’दरअसल, सोनिया गांधी जल्द ही अपनी किताब Belonging A Journey of Love लेकर आ रही हैं।

इससे पहले उन्होंने ‘द हिंदू’ को दिए इंटरव्यू में अपनी जिंदगी के कई अनसुने किस्से साझा किए। इसमें राजीव गांधी से पहली मुलाकात से लेकर भारत में बिताए छह दशकों के सफर तक की बातें शामिल हैं। राहुल गांधी ने इसी इंटरव्यू में मां की कही एक बात को साझा करते हुए यह भावुक पोस्ट लिखी।

राजीव गांधी से पहली मुलाकात के 60 साल बाद भी वही संस्कार

सोनिया गांधी ने इंटरव्यू में बताया कि बचपन में परिवार से मिले संस्कार आज भी उनके साथ हैं। परिवार और दोस्तों के प्रति प्यार, ईमानदारी, दूसरों की परवाह और अपनी जिम्मेदारियां निभाना उनके लिए आज भी उतना ही जरूरी है।

उन्होंने कहा कि इन बातों में वह आज भी वैसी ही हैं, जैसी 60 साल पहले राजीव गांधी से पहली बार मिली थीं। हालांकि, सोनिया ने एक दिलचस्प बात भी कही।

कोटा में दिवाली पर दर्दनाक हादसा: बालकनी से सिर के बल गिरा मासूम, मौत; खोपड़ी की हड्डियां टूटीं



संचार जगत

कोटा। धनतेरस की रात बालकनी से गिरने से ढाई साल के बच्चे की मौत हो गई। खेलते समय बच्चा रेलिंग पर चढ़ा और संतुलन बिगड़ने से सिर के बल नीचे गिर गया। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। राजस्थान के कोटा में धनतेरस की रात एक दर्दनाक हादसे में ढाई साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई। बच्चा घर की बालकनी में खेल रहा था। इसी दौरान वह रेलिंग पर चढ़कर नीचे देखने लगा और अचानक संतुलन बिगड़ने से सिर के बल नीचे गिर गया। हादसे के बाद परिजन उसे तत्काल निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां करीब तीन घंटे तक उसका इलाज चला। गंभीर चोटों के कारण देर रात बच्चे ने दम तोड़ दिया। त्योहार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। मृतक बच्चे की पहचान महावीर नगर एक्सटेंशन स्कीम निवासी हर्षित गौतम के ढाई साल के बेटे अर्णित उर्फ शिवाय के रूप में हुई है। बच्चे के पिता पेशे से वकील हैं, जबकि मां गृहिणी हैं। उसकी एक बड़ी बहन भी है। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

मां जला रही थी दीये, बालकनी में खेल रहा था बच्चा

डॉ. मोहित गौतम ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 8 बजे उनका भतीजा अर्णित उर्फ शिवाय घर की बालकनी में खेल रहा था। उस समय उसकी मां घर में दीपावली के त्योहार के लिए दीये जला रही थी। इसी दौरान खेलते-खेलते बच्चा बालकनी की रेलिंग पर चढ़ गया और नीचे की ओर देखने लगा। अचानक संतुलन बिगड़ने से बच्चा बालकनी से नीचे गिर गया। उसके गिरने के बाद रोने की आवाज सुनकर मां और परिवार के अन्य सदस्य तुरंत मौके पर पहुंचे। बच्चे को गंभीर हालत में देखकर परिजन घबरा गए और बिना देरी किए उसे इलाज के लिए कॉमर्स कॉलेज चौराहे के पास स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे।

तीन घंटे तक चला इलाज, सिर में आई थीं गंभीर चोटें

अस्पताल में चिकित्सकों ने बच्चे का उपचार शुरू किया, लेकिन उसकी हालत बेहद गंभीर थी। करीब तीन घंटे तक इलाज चलने के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। देर रात करीब 12 बजे चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया।न्यूरो सर्जन डॉ. मामराज अग्रवाल के अनुसार, बच्चा सिर के बल नीचे गिरा था। सिर जमीन से टकराने के कारण उसकी खोपड़ी की कई हड्डियां टूट गई थीं। इसके साथ ही मस्तिष्क को भी गंभीर नुकसान पहुंचा था। बच्चे को अंदरूनी चोटें आई थीं, जिसके चलते उसकी स्थिति बेहद नाजुक हो गई थी।

चिकित्सा मंत्री ने दिए निर्देश, आपातकालीन सेवाओं से जुड़े चिकित्सा कर्मियों के अवकाश निरस्त

संचार जगत

जयपुर। दीपावली के त्योहार को देखते हुए प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह मुस्तैद रखने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं और बर्न यूनिट को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं से जुड़े चिकित्सा कर्मियों के अवकाश निरस्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि दीपावली के दौरान पटाखों से जलने, आगजनी और अन्य दुर्घटनाओं की आशंका रहती है। ऐसे में सभी अस्पतालों में आपातकालीन उपचार की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बर्न यूनिट में आवश्यक संसाधन, दवाइयां और उपचार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि आपातकालीन सेवाओं से जुड़े चिकित्सक एवं अन्य चिकित्सा कर्मी ड्यूटी पर उपलब्ध रहें।

पटाखों से 12 घंटे में दो बड़ी आग

मुंबई में इमारत की 20वीं मंजिल धधकी, नालासोपारा में गाड़ियां खाक, 3 जख्मी

संचार जगत

मुंबई। मुंबई और उससे सटे नालासोपारा इलाके से आग की दो बड़ी घटनाएं सामने आई हैं। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि दोनों ही हादसे पटाखों की वजह से हुए हैं। मुंबई और आसपास के इलाकों में पटाखों के कारण आग लगने की दो घटनाएं सामने आई हैं। घाटकोपर पूर्व में शुक्रवार रात एक 21 मंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग लग गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। वहीं, नालासोपारा पूर्व के शिर्डी नगर इलाके में पटाखे से जुड़ी घटना के बाद एक पर्यटक वाहन और निजी कार में आग लग गई। दोनों घटनाओं में शुरुआती तौर पर पटाखों को आग की वजह माना जा रहा है।घाटकोपर की घटना में तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक व्यक्ति 27 प्रतिशत तक झुलस गया है। दमकल विभाग ने दो घंटे से अधिक की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं, नालासोपारा में दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।



घाटकोपर की 21 मंजिला इमारत की 20वीं मंजिल पर लगी आग

घाटकोपर पूर्व के पंतनगर इलाके में वल्लभ बाग लेन स्थित रॉयल अल्टेज़ा आवासीय इमारत में शुक्रवार रात करीब 8:08 बजे आग लगी। मुंबई की मेयर रितु तावड़े के कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, आग इमारत की 20वीं मंजिल पर लगी थी। शुरुआत में अधिकारियों ने आग 25 मंजिला इमारत की 23वीं मंजिल पर लगने की जानकारी दी थी। हालांकि, बाद में स्पष्ट किया गया कि आग 21 मंजिला इमारत की 20वीं मंजिल पर लगी थी। आग की सूचना मिलते ही मुंबई दमकल विभाग की कम से कम आठ गाड़ियां और अन्य अग्निशमन उपकरण मौके पर भेजे गए। आग को द्वितीय श्रेणी (लेवल-2) का बताया गया।

राजस्थान में BRICS Sustainable Lifestyle Week 2026’ का सफल आयोजन

सात दिनों में 78 हजार से अधिक गतिविधियां, 8.55 लाख से अधिक लोगों की

संचार जगत

जयपुर। भारत की BRICS अध्यक्षता के अंतर्गत 1 से 7 नवम्बर, 2026 तक आयोजित ‘BRICS Sustainable Lifestyle Week 2026’ का राजस्थान में व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल आयोजन किया गया। राज्य में इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यापक जन-जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने बैठक आयोजित कर सभी संबंधित विभागों के विभागाध्यक्षों, जिला कलेक्टर्स एवं विभागीय नोडल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके परिणामस्वरूप राज्य के विभिन्न विभागों, जिला प्रशासन, शैक्षणिक संस्थानों, स्थानीय निकायों एवं जनसामान्य के सहयोग से सात दिनों तक पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को जन-आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से प्रदेशभर में विभिन्न जागरूकता एवं व्यवहार परिवर्तन संबंधी गतिविधियां आयोजित की



गईं। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव, वन एवं पर्यावरण विभाग आनंद कुमार ने अभियान के प्रथम दिवस जयपुर में आयोजित ‘Cyclothon for All’ में स्वयं भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वहीं, ई-कचरा (E-waste) प्रबंधन दिवस के अवसर पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (RIC) में आयोजित कार्यक्रम में भी मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से ई-कचरे के पृथक्करण, पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण एवं अधिकृत माध्यमों से वैज्ञानिक निस्तारण के प्रति आमजन को जागरूक किया गया।सप्ताह के दौरान प्रतिदिन एक विशेष विषय पर केंद्रित गतिविधियां आयोजित की गईं। इनमें स्वस्थ जीवनशैली अपनाना, ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, सतत खाद्य प्रणालियों को बढ़ावा देना, एकल उपयोग प्लास्टिक का त्याग, ई-कचरे में कमी तथा सामान्य अपशिष्ट में कमी जैसे विषय शामिल रहे। इन गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को अपनी दैनिक आदतों में छोटे लेकिन प्रभावी बदलाव अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान की विशेष उपलब्धि यह रही कि मिशन लाइफ का संदेश केवल जिला मुख्यालयों एवं शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जमीनी



स्तर पर गांव-गांव तक पहुंचा। विद्यालयों, जवाहर नवोदय विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायत भवनों, सरकारी कार्यालयों एवं स्थानीय संस्थानों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं ग्रामीण समुदायों को पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्यमंत्री शर्मा ने सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक कर रहे एनसीसी कैडेट्स से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया,



संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को जयपुर के रामबाग चौराहे पर सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक कर रहे एनसीसी कैडेट्स से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वतः अनुशासन के साथ यातायात नियमों की पालना करनी चाहिए, ताकि स्वयं के साथ दूसरों को भी सड़क दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। इस दौरान उन्होंने कैडेट्स को चॉकलेट देकर दीपोत्सव की शुभकामनाएं दीं।

अजमेर शहरवासियों को जल्द मिलेंगी अनेक सौगातें

वासुदेव देवनानी ने शहरवासियों एवं प्रदेशवासियों को दी दीपावली की शुभकामनाएं

संचार जगत

जयपुर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज के पावन पर्व पर शहरवासियों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कामना की कि प्रकाश का यह महापर्व प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली का नया उजास लेकर आए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अजमेर विकास की नई इबारत लिखने के लिए तैयार है। पर्यटन और विकास के क्षेत्र में शहर निरंतर नई ऊंचाइयां छू रहा है। आने वाले समय में विभिन्न महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के पूर्ण होने से अजमेर की तस्वीर बदलेगी और शहरवासियों को अनेक महत्वपूर्ण सौगातें मिलेंगी। शीघ्र ही अजमेर विकास का नया अध्याय लिखते हुए एक विकसित एवं उन्नत शहर के रूप में अपनी पहचान स्थापित करेगा। उन्होंने अजमेर को सुंदर, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने तथा सभी परियोजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

पर्यटन को मिलेगी नई पहचान

24 करोड़ रुपये की लागत से गंगा-भैरव घाटी को लेपर्ड सफारी के रूप में विकसित किया जा रहा है। रणथम्भौर, सरिस्का, रावली-टॉडगढ़ एवं जवाई बांध की तर्ज पर यहां सनसेट प्वाइंट, सेल्फी प्वाइंट, ट्रैक एवं विश्राम स्थलों को प्राकृतिक स्वरूप में विकसित किया जाएगा। इससे अजमेर में वन्यजीव एवं प्राकृतिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसी प्रकार 8.50 करोड़ रुपये की लागत से जयपुर रोड पर भव्य प्रवेश द्वार एवं सौंदर्यीकरण कार्य किया जा रहा है। प्रवेश द्वार पर तीर्थराज पुष्कर, भगवान झूलेलाल, सम्राट अजयराज, सम्राट पृथ्वीराज एवं स्वामी दयानंद की प्रतिमाएं अंकित होंगी। यह अजमेर की ?तिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बनेगा।

राजस्थान हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

प्लेसमेंट एजेंसी के कर्मचारियों को भी मिलेगा न्यूनतम वेतन, 60 दिन में लागू करने के निर्देश

संचार जगत

राजस्थान। हाईकोर्ट ने फैसला दिया कि प्लेसमेंट एजेंसी से नियुक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भी न्यूनतम वेतनमान के हकदार हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार को 60 दिन में आदेश जारी करने के निर्देश दिए।

Rajasthan High Court जोधपुरः राजस्थान हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में स्पष्ट किया है कि प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से नियुक्त होने मात्र के आधार पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को न्यूनतम वेतनमान के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता।

कोर्ट ने जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग में कार्यरत कर्मचारियों की याचिकाएं स्वीकार करते हुए उन्हें विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए लागू न्यूनतम वेतनमान देने के आदेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार को फैसले की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने के 60



दिन के भीतर इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी करने होंगे।

कोर्ट ने पुराने फैसले का दिया हवाला

राजस्थान हाईकोर्ट ने इसी विभाग के एक अन्य कर्मचारी धीरिया के मामले में 8 अप्रैल 2026 को दिए गए फैसले का उल्लेख किया। उस मामले में भी समान परिस्थितियों में कर्मचारी को न्यूनतम वेतनमान देने के निर्देश दिए गए थे। पीठ ने कहा कि प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से नियुक्ति और नियमित चयन प्रक्रिया से नियुक्त नहीं होने का मुद्दा पहले ही उस फैसले में विचार किया जा चुका है।

नियोक्ता-कर्मचारी संबंध विवादित नहीं

पीठ ने यह भी माना कि याचिकाकर्ताओं और विभाग के बीच नियोक्ता-कर्मचारी का संबंध विवादित नहीं है। ऐसे में केवल नियमित चयन प्रक्रिया से नियुक्त नहीं होने के आधार पर उन्हें न्यूनतम वेतनमान के लाभ से वंचित करने का विभाग का तर्क स्वीकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि फैसले की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने के 60 दिन के भीतर याचिकाकर्ताओं को न्यूनतम वेतनमान का लाभ देने के लिए आवश्यक आदेश जारी किए जाएं।

दो कर्मचारियों की याचिकाओं पर सुनाया फैसला

न्यायाधीश कुलदीप माथुर की एकल पीठ ने सुनील कटारा और अनिल कुमार पारगी की याचिकाओं पर यह आदेश दिया। सुनील कटारा बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में चपरासी के पद पर कार्यरत हैं, जबकि अनिल कुमार पारगी जनजाति क्षेत्रीय विकास कार्यालय, बांसवाड़ा में चौकीदार के पद पर कार्यरत हैं।

नियमित कर्मचारियों के समान काम, फिर भी नहीं मिल रहा था लाभ

याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि वे विभाग में चतुर्थ श्रेणी के विभिन्न पदों पर कार्यरत हैं और नियमित कर्मचारियों के समान काम कर रहे हैं।

नरेंद्र मोदी को लेकर अभिजीत दीपके ने की टिप्पणी

ट्रंप की मांगों के आगे झुकने का लगाया आरोप

संचार जगत

कोच्चि। CJP संस्थापक अभिजीत दीपके ने SIR विरोधी प्रदर्शन के दौरान PM मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने ट्रंप के साथ भारत की नीतियों और युवाओं के SIR विरोध को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। SIR Protest Kochi सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शनिवार को कोच्चि में पार्टी के ‘जंतर-मंतर एट कोच्चि’ प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। यह प्रदर्शन मतदाता सूची के Special Intensive Revision (SIR) के विरोध में आयोजित किया गया था। दीपके ने केंद्र सरकार की अमेरिका के साथ नीतियों, रूस से तेल खरीद और युवाओं के SIR विरोधी प्रदर्शनों को लेकर सवाल उठाए।

‘ट्रंप के आगे किसने सरेंडर किया’

दीपके ने CJP को विदेशी



ताकतों द्वारा नियंत्रित किए जाने के आरोपों पर पलटवार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर ही देश के हितों से समझौता करने का आरोप लगाया। उन्होंने रूस से तेल खरीद बंद करने और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से जुड़े टैरिफ का जिक्र करते हुए सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि वे कहते हैं कि CJP को बाहरी ताकतें नियंत्रित कर रही हैं और भारत को अस्थिर करने की कोशिश हो रही है। मैं मोदी से पूछना चाहता हूं कि ट्रंप के सामने किसने सरेंडर किया? ट्रंप के कहने पर रूस से तेल खरीदना बंद करने पर कौन सहमत हुआ? दीपके ने आगे दावा किया कि भारत को 18 प्रतिशत टैरिफ का सामना करना पड़ा, जबकि अमेरिका के उत्पादों पर शून्य प्रतिशत टैरिफ की व्यवस्था स्वीकार की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने देश को ट्रंप के हाथों ‘बेच’ दिया।

गांधी, अंबेडकर और नेहरू का किया जिक्र

CJP संस्थापक ने महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर और पंडित जवाहरलाल नेहरू का जिक्र करते हुए कहा कि ये तीनों भारत की आत्मा, रीढ़ और मस्तिष्क हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, ‘नरेंद्र मोदी की औकात नहीं है इनसे बड़ा बनने की।’ दीपके ने दावा किया कि मोदी 120 साल तक भी सत्ता में रहें, तब भी गांधी, अंबेडकर और नेहरू के योगदान की बराबरी नहीं कर सकते।

पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने पर दिया जोर



संचार जगत

जयपुर। पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग एवं पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित सात दिवसीय सप्ताह का समापन हुआ। सप्ताह के अंतिम दिन रिड्यूज वेस्ट के तहत राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल में जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दैनिक जीवन एवं कार्यस्थल पर अपशिष्ट उत्पादन कम करने तथा पर्यावरण अनुकूल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों में कचरे के न्यूनतम उत्पादन, संसाधनों के जिम्मेदार उपयोग तथा सतत कार्यप्रणालियों के प्रति जागरूकता विकसित करना था। इस अवसर पर कर्मचारियों को कागज की अनावश्यक खपत कम करने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा अनावश्यक कचरा उत्पन्न होने से रोकने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से शपथ लेकर प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, अपशिष्ट उत्पादन को कम करने तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 151वीं वर्षगांठ पर दीं शुभकामनाएं

डॉ. सी.वी. रमन को किया याद

संचार जगत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रदेशवासियों को राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 151वीं वर्षगांठ की बधाई दी और महान भौतिक विज्ञानी भारत रत्न डॉ. सी.वी. रमन की जयंती पर उन्हें नमन किया। उन्होंने राष्ट्रगीत के महत्व को रेखांकित करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 151वीं वर्षगांठ पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम्' का प्रत्येक स्वर मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम, त्याग और समर्पण की प्रेरणा देता है। इस गौरवशाली विरासत से सीख लेते हुए सभी को राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वाभिमान को सशक्त बनाने का संकल्प लेना चाहिए। रमन प्रभाव' के प्रणेता और नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. चंद्रशेखर वेंकट रमन की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. सी.वी. रमन के विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में दिए गए ऐतिहासिक योगदान ने वैश्विक स्तर पर भारत का मान बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका जीवन, कार्य और वैज्ञानिक दृष्टिकोण देश की युवा पीढ़ी को हमेशा अनुसंधान, नवाचार और राष्ट्र सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने सुनीं गौरव सेनानियों की समस्याएं



संचार जगत

जयपुर। कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए नागरिकों और गौरव सेनानियों से मुलाकात की। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने राष्ट्र सेवा और समाज में उनके अमूल्य योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सुझावों पर चर्चा की। कर्नल राठौड़ ने कहा कि आमजन की बात सुनना और उनकी समस्याओं का पारदर्शी तरीके से समाधान करना ही सच्ची जनसेवा की बुनियाद है। उन्होंने प्रदेशवासियों और गौरव सेनानियों के साथ मिलकर राजस्थान के चहुंमुखी विकास तथा जनकल्याण के लिए कार्य करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

सहकार भवन में हुआ दीपावली पूजन



संचार जगत

जयपुर। सहकारिता विभाग में दीपावली का पर्व उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता डॉ. समित शर्मा ने सहकार भवन के सभागार में भगवान श्रीराम की विधि-विधान एवं श्रद्धापूर्वक पूजन किया। इस अवसर पर डॉ. शर्मा ने भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर प्रदेश एवं विभाग की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं निरंतर प्रगति की कामना की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दीपावली के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए सभी के सुखमय, मंगलमय एवं समृद्ध जीवन की कामना की। इस मौके पर डॉ. शर्मा ने कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य तथा अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, आदर्श, कर्तव्यनिष्ठा, त्याग एवं लोककल्याण की भावना के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। यह पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे, सौहार्द एवं सद्भावना को मजबूत करने का संदेश भी देता है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आपसी समन्वय, सहयोग एवं टीम भावना के साथ विभागीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया।

अस्पतालों में आपातकालीन सेवाएं और बर्न यूनिट रहेंगी अलर्ट मोड पर



संचार जगत

जयपुर। दीपावली के त्योहार को देखते हुए प्रदेश में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को पूरी तरह मुस्तैद रखने के निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों में आपातकालीन सेवाओं और बर्न यूनिट को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं से जुड़े चिकित्सा कर्मियों के अवकाश निरस्त करने के निर्देश भी दिए गए हैं। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि दीपावली के दौरान पटाखों से जलने, आगजनी और अन्य दुर्घटनाओं की आशंका रहती है। ऐसे में सभी अस्पतालों में आपातकालीन उपचार की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बर्न यूनिट में आवश्यक संसाधन, दवाइयां और उपचार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके। उन्होंने निर्देश दिए कि आपातकालीन सेवाओं से जुड़े चिकित्सक एवं अन्य चिकित्सा कर्मी ड्यूटी पर उपलब्ध रहें। अस्पतालों में आवश्यक स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाए और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी व्यवस्थाएं तैयार रखी जाएं। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि त्योहार के दौरान आमजन को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

राजस्थान बोर्ड 10वीं और 12वीं परीक्षाएं 16 फरवरी से

संचार जगत

जयपुर। राजस्थान बोर्ड ने बोर्ड परीक्षा 2027 को लेकर बड़ा ऐलान किया है. 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 16 फरवरी को शुरू होंगी. लेकिन बोर्ड ने टाइम में बदलाव किया है। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा 2027 की शुरुआत 16 फरवरी से होगी. बोर्ड ने दोनों कक्षाओं का डिटेल टाइम टेबल ऑफिशियल वेबसाइट rajeduboard.rajasthan.gov.in पर जल्द जारी किए जाने की उम्मीद है। 2027 की बोर्ड परीक्षाओं के शेड्यूल में RBSE ने एक अहम बदलाव किया है। अब परीक्षाएं सुबह 8 बजे की जाए सुबह 10:30 बजे शुरू होंगी। पिछले साल राजस्थान बोर्ड परीक्षाएं फरवरी से मार्च के बीच आयोजित की गई थीं. 10वीं कक्षा की परीक्षाएं 12 फरवरी से शुरू होकर 28 फरवरी को समाप्त हुई थीं. जबकि 12वीं कक्षा की परीक्षाएं 12 फरवरी से शुरू होकर 11 मार्च को समाप्त हुई थीं। इसके बाद बोर्ड ने 24 मार्च को कक्षा 10 के परिणाम और 31 मार्च को कक्षा 12 के परिणाम घोषित किए थे।

जयपुर के रावत मिष्ठान में चॉकलेट में मिले कीड़े

संचार जगत

जयपुर। जयपुर में रावत मिष्ठान भंडार के अजमेर रोड और नारायण सिंह सर्किल स्थित शॉप्स पर फूड सेफ्टी टीम ने छापा मारा। टीम को चॉकलेट और बेकरी आइटम में कीड़े, मक्खियां मिलीं। पैकिंग पर न तो एक्सपायरी डेट थी और न मैन्युफेक्चरिंग डेट छपी थी। टीम ने सबसे पहले अजमेर रोड स्थित दुकान पर छापा मारा। जहां बिक्री काउंटर और चिलर में रखी पैकेट बंद मिठाइयों पर पैकिंग और एक्सपायरी डेट सहित जरूरी जानकारी नहीं थी। तैयार खाद्य पदार्थों पर भी जानकारी नहीं थी। टीम ने जांच के लिए केसर पिस्ता बर्फी का नमूना लिया। निरीक्षण के दौरान बेकरी काउंटर के नीचे मृत कॉकरोच और मक्खियां मिलीं। मिठाई बनाने वाली जगह जमीन पर खाने के सामान के अवशेष और गंदगी मिली।

गैंगस्टर हैरी बॉक्सर अमेरिका में पकड़ा गया

जयपुर। जयपुर में बॉक्सिंग कोच रह चुके गैंगस्टर हैरी बॉक्सर को अमेरिकी एजेंसी ICE ने कैलिफोर्निया में पकड़ लिया है। हैरी बॉक्सर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा था। हैरी अमेरिका में रहकर लॉरेंस बिश्नोई गैंग चला रहा था। हैरी बॉक्सर ने फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी। इसके अलावा एक्टर सलमान खान, कपिल शर्मा और रणवीर सिंह समेत बॉलीवुड की कई हस्तियों को धमकाने के आरोप भी उस पर लगे हैं। जयपुर में बिजनेसमैन को धमकी दी थी कि - इतनी गोलियां दागूंगा, सात पीढ़ी याद रखेगी। हैरी बॉक्सर कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर-नारायणपुर का रहने वाला है। हैरी जयपुर में रहकर बॉक्सिंग की ट्रेनिंग लेता था। यहां बॉक्सिंग कोच के रूप में भी काम कर चुका है।

राजस्थान में बिगड़ रही हवा की सेहत

संचार जगत



जयपुर। सर्दियां आने के साथ राजस्थान में वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। कई शहरों में वायु गुणवत्ता खराब दर्ज की गई है। सवाई माधोपुर राज्य का सबसे प्रदूषित शहर बनकर उभरा है, जिसका वायु गुणवत्ता सूचकांक 306 है। यहां का एक्यूआई अत्यंत खराब श्रेणी में है, जिसमें पीएम2.5 को प्राथमिक प्रदूषक के रूप में पहचाना गया है। इससे श्वसन संबंधी स्वास्थ्य, विशेष रूप से संवेदनशील समूहों के लिए चिंताएं बढ़ गई हैं। कई अन्य शहरों में भी वायु गुणवत्ता खराब पाई गई है। बीकानेर का एक्यूआई 273 दर्ज किया गया, इसके बाद दौसा 232, चूरू 231, सीकर 227, नागौर 225, और जयपुर 207 का स्थान रहा। कई शहरों में प्रदूषण का स्तर मध्यम श्रेणी में रहा, जहां एक्यूआई 101 से 200 के बीच था। झालावाड़, कोटा, चित्तौड़गढ़, बूंदी, भीलवाड़ा, उदयपुर और सिरोही सहित अन्य शहरों में भी प्रदूषण का स्तर मध्यम रहा। मानक एक्यूआई वर्गीकरण के अनुसार, 201 से 300 के बीच का स्तर खराब श्रेणी में आता है और इससे सांस लेने में तकलीफ हो सकती है, खासकर श्वसन संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों में। 301 से 400 के बीच का एक्यूआई स्तर अत्यंत खराब श्रेणी में आता है और लंबे समय तक इसके संपर्क में रहने से श्वसन संबंधी बीमारियां हो सकती हैं।

जेएलएन मार्ग होगा सिग्नल फ्री

संचार जगत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए राजधानी को शहरी विकास के उत्कृष्ट मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने जेएलएन मार्ग के प्रमुख स्थानों को सिग्नल फ्री बनाने के लिए प्रभावी ट्रैफिक प्लान तैयार करने को कहा. साथ ही पैदल यात्रियों की सुरक्षा और पार्किंग व्यवस्था को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री ने हाईटेक सिटी और मेडिसिटी परियोजनाओं को आधुनिक तकनीक एवं विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ विकसित करने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि ये दोनों परियोजनाएं नए जयपुर की पहचान बननी चाहिए. सभी विकास कार्यों के लिए स्पष्ट टाइमलाइन तय करने और नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश भी दिए. मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि विकास परियोजनाओं में अनावश्यक देरी और लापरवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

रामस्वरूप मुंड ने धनतेरस पर स्टाफ को बांटी नोटों की गड्डियां

संचार जगत



जयपुर। धनतेरस और दीपावली के पावन अवसर पर गुजरात के सूरत से एक दिल छू लेने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मूल रूप से राजस्थान के बीकानेर जिले के रहने वाले और वर्तमान में सूरत के कपड़ा व्यवसायी रामस्वरूप मुंड ने अपने कर्मचारियों को अनोखे अंदाज में दिवाली बोनस बांटकर एक नई मिसाल पेश की है। रामस्वरूप मुंड ने अपने सभी कर्मचारियों को 10 रुपये से लेकर 500 रुपये तक के नोटों की नकद गड्डियां बांटीं, जिसे देखकर हर कोई हैरान है। जब कर्मचारियों को बोनस के तौर पर लाखों रुपये की नकद गड्डियां सौंपी गईं, तो फैक्ट्री और ऑफिस स्टाफ के चेहरों पर जहां एक ओर भारी खुशी देखी गई, वहीं दूसरी ओर मालिक की इस दरियादिली को देखकर कई वफादार कर्मचारियों की आंखें छलक पड़ीं और वे भावुक होकर रो पड़े। रामस्वरूप मुंड ने पिछले साल भी इसी तरह अपने कर्मचारियों को नकद बोनस दिया था, और इस बार उन्होंने बोनस का दायरा और बढ़ा दिया। रामस्वरूप मुंड का मूल निवास राजस्थान का बीकानेर जिला है। हालांकि, वे पिछले कई वर्षों से गुजरात के सूरत शहर को अपनी कर्मभूमि बनाकर वहां टेक्सटाइल मार्केट में कपड़े का बड़ा कारोबार संभाल रहे हैं।

जमीन अधिग्रहण करने पर मुआवजे की जगह मिलेंगे डवलपमेंट राइट्स



संचार जगत

जयपुर। प्रदेश के शहरों में सार्वजनिक सुविधाओं और विकास कामों के लिए जमीन अधिग्रहण करने पर अब नकद मुआवजे की जगह डवलपमेंट राइट्स देने का प्रावधान किया जाएगा। इन डवलपमेंट राइट्स को बिल्डर या प्राइवेट व्यक्ति को बेचा जा सकेगा। शहरों में सड़क, पार्क और दूसरी सुविधाओं के लिए जमीन अधिग्रहण करने पर प्रभावित व्यक्तियों को बाजार दर पर नकद मुआवजा देने की जगह ट्रांसफरेबल डवलपमेंट राइट्स का सर्टिफिकेट देने का प्रावधान होगा। सरकार ने इसके लिए नई टीडीआर पॉलिसी का मसौदा तैयार किया है। नई पॉलिसी के अनुसार- शहरों में सड़क और दूसरे विकास कामों के लिए जितनी जमीन ली जाएगी, उसके बदले दोगुना क्षेत्रफल तक अतिरिक्त निर्माण का अधिकार मिलेगा। इस पॉलिसी के प्रावधानों पर जनता से राय मांगी गई है।

जयपुर-मुंबई के बीच आज से नई फ्लाइट

संचार जगत

जयपुर। जयपुर से मुंबई जाने वाले पैसेंजर्स को आज से एक और फ्लाइट का विकल्प मिलेगा। स्पाइसजेट जयपुर-मुंबई के बीच नई नियमित उड़ान शुरू कर रही है। फ्लाइट एसजी - 701 मुंबई से शाम 5 बजकर 25 मिनट पर जयपुर पहुंचेगी और एसजी - 702 शाम 6 बजकर 5 मिनट पर जयपुर से मुंबई रवाना होगी। नई सेवा शुरू होने से जयपुर - मुंबई रूट पर रोजाना उड़ानों की संख्या 12 से बढ़कर 13 हो जाएगी। स्पाइसजेट की नई फ्लाइट मुंबई से शाम 5 बजकर 25 मिनट पर जयपुर पहुंचेगी। वापसी में जयपुर से शाम 6 बजकर 5 मिनट पर मुंबई के लिए रवाना होगी।

जरूरतमंद परिवारों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां

अजमेर। दीपावली के पर्व पर सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए मुस्लिम एकता मंच एवं श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के तत्वावधान में जरूरतमंद परिवारों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए दीप जलाने के लिए तेल, दीपक, मिठाई एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर दोनों संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि दीपावली का पर्व केवल घरों को ही नहीं, बल्कि दिलों को भी रोशन करने का संदेश देता है। हम सभी को अपने देश और समाज के लोगों के साथ खुशियां बांटनी चाहिए, ताकि कोई भी परिवार त्योहार की खुशियों से वंचित न रहे।

दिवाली बाद होगी 2400 पदों पर भर्ती

संचार जगत



जयपुर। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड नवंबर में करीब 2,400 पदों पर तीन नई भर्तियों की विज्ञप्ति जारी करने की तैयारी में है। शिक्षा विभाग, यूडीएच, जल संसाधन और वित्त विभाग में फिजिकल टीचर इंस्ट्रक्टर (पीटीआई), जूनियर इंजीनियर और टैक्स असिस्टेंट के पद भरे जाएंगे। कर्मचारी चयन बोर्ड अध्यक्ष आलोक राज के अनुसार, जूनियर इंजीनियर के करीब 900 पदों के लिए विज्ञापन 15 नवंबर तक जारी हो सकता है, जबकि पीटीआई और टैक्स असिस्टेंट की विज्ञप्तियां आचार संहिता के बाद आएंगी। भर्ती में फिजिकल टीचर इंस्ट्रक्टर (पीटीआई) के 1200, जूनियर इंजीनियर के 900 और टैक्स असिस्टेंट के 300 पद शामिल हैं। तीनों भर्तियों की तैयारी पूरी कर ली गई है। इनमें 18 से 40 साल तक के कैंडिडेट आवेदन कर सकेंगे। आलोक राज ने बताया कि जूनियर इंजीनियर के करीब 900 पदों पर भर्ती की विज्ञप्ति दिवाली के बाद जारी करने की तैयारी है। बोर्ड की कोशिश है कि 15 नवंबर तक विज्ञापन जारी कर दिया जाए। इसके बाद आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। वहीं, फिजिकल टीचर इंस्ट्रक्टर और टैक्स असिस्टेंट भर्ती की विज्ञप्ति आचार संहिता हटने के बाद जारी की जाएगी।



संपादकीय

अधिक बच्चे 'दंडनीय' नहीं

यदि आप दो से अधिक बच्चों के माता-पिता हैं, तो आपको किसी भी सरकारी तथा सामाजिक योजना से वंचित नहीं रखा जा सकता। आपको सरकारी सेवा अथवा नौकरी का भी लाभ मिलता रहेगा। आपको चुनाव लडऩे को भी 'अयोग्य' करार नहीं दिया जा सकता। बच्चों के प्रजनन और आपकी शारीरिक स्वायत्तता भी संविधान के अनुच्छेद 21 में 'मौलिक अधिकार' के तौर पर दर्ज है। अब यह सर्वोच्च अदालत का भी फैसला है। अदालत की चिंता यह है कि देश की औसत प्रजनन दर 1.9 हो गई है। अर्थात माता-पिता औसतन 2 बच्चे भी पैदा नहीं कर रहे हैं। यह 'रिप्लेसमेंट लेवल' (2.1) से भी कम है। यह लेवल वह दर है, जिस पर कोई आबादी बिना घटे ही खुद को बनाए रख सकती है। इस संदर्भ में सर्वोच्च अदालत का निर्णय है कि यदि किसी युगल के घर में 3 बच्चे हैं, तो माता-पिता में से किसी को भी 'दंडित' नहीं किया जा सकता। दंडस्वरूप किसी भी सार्वजनिक लाभ, अवसर, परियोजना से 'वंचित' भी नहीं रखा जा सकता। शीर्ष अदालत के सामने महाराष्ट्र के काकोड़ा ग्राम पंचायत की पूर्व सरपंच मंगला भीमराव का मामला था। जब मंगला के 3 बच्चे हुए, तब उन्हें चुनाव लडऩे के 'अयोग्य' करार दे दिया गया। शीर्ष अदालत ने उस 'अयोग्यता' के फैसले को खारिज किया है। यही नहीं, सर्वोच्च अदालत के जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक आराधे ने इस मामले को एक उच्च पीठ के पास भी भेज दिया है। 2003 में हरियाणा उच्च न्यायालय ने 2 से अधिक संतान पैदा करने वालों को चुनाव लडऩे से वंचित करने के पक्ष में फैसला दिया था। अब उस फैसले पर सर्वोच्च अदालत में व्यापक पुनर्विचार होगा। बहरहाल भारत की आबादी में घटने के कोई भी रुझान या संकेत नहीं हैं, लेकिन बूढ़े, उम्रदराज लोगों की आबादी बढ़ती जा रही है। जनगणना के मौजूदा आंकड़ों के आधार पर 2022-26 में भारत की उम्रदराज आबादी 15 करोड़ से अधिक होगी। 2036 तक यह संख्या करीब 22.7 करोड़ तक पहुंच सकती है। यह कुल आबादी का 15 फीसदी हिस्सा हो सकता है। 2047 तक 'विकसित भारत' का सपना और संकल्प पूरा हो अथवा न हो, लेकिन 2050 तक भारत में बुजुर्गों की संख्या 32-34 करोड़ तक पहुंच सकती है। उस बिंदु के बाद हमारी जनसंख्या घटनी शुरू हो सकती है। फिलहाल हम विश्व के 'सबसे युवा देश' हैं। गौरतलब यह है कि सरसंघचालक मोहन भागवत 'अधिक बच्चे' पैदा करने का आह्वान करते रहे हैं। कुछ साधु-संत किस्म के चेहरे भी 'कम से कम 4 बच्चे' पैदा करने की नसीहत देते रहे हैं। जैन मुनि तक अपने धर्म-अनुयायी भक्तों को अधिक बच्चों को जन्म देने का उपदेश देते रहे हैं, क्योंकि जैन समुदाय 'अत्यंत अल्पसंख्यक' होता जा रहा है। इन आह्वानों और नसीहतों के सरोकार कुछ भी हों, लेकिन उनकी आड़ में सियासत भी जारी रही है।

अंधकार से प्रकाश की ओर जाने का पर्व है दीपावली

भारतीय संस्कृति में तीज, त्योहार और पर्वों की अपनी मान्यताएं और परंपराएं हैं। इनके पीछे छुपा है जीवन का रहस्य। ये पर्व केवल धार्मिक आस्था और विष्वास को व्यक्त ही नहीं करते, सामाजिक और सांस्कृतिक समृद्धता को भी परिभाषित करते हैं। यही कारण है कि सदियों से ये त्योहार और पर्व हमारी जिंदगी के साथ जुड़े हुए हैं और काल प्रवाह के साथ आज भी मौलिक स्वरुप को अक्षुण बनाए रखे हुए है। दीपावली भी एक ऐसा ही पर्व है जो भले ही धार्मिक आस्था और विष्वास से जुड़ा हो, लेकिन कई रुप और रंग के साथ हमारे जीवन के विविध आयामों को परिभाषित करता है।

यह पर्व के अपने सामाजिक सरोकार है तो सांस्कृतिक चेतना को निरंतर आगे बढ़ाने का एक जरिया भी। प्रकृति के साथ जुड़ने की अभिव्यक्ति है हमारे पर्व। यही कारण है कि हम इन्हें धर्म, समाज और प्रकृति से जोड़कर इन्हें श्रद्धा और विष्वास से मनाते आ रहे हैं। सदियों से चली आ रही हमारी सांस्कृतिक विरासत को आज भी संजोये हुए हैं, इसका एक कारण यह भी है कि हम अपने आचार विचार, कार्य व्यवहार को धर्म के साथ जोड़कर देखते हैं। हमारे सारे पर्वों और उत्सवों को इसकी चाषनी में डुबो कर इस तरह व्यक्त किया गया है ताकि हम अपने लौकिक जीवन के दायित्वों का निर्वहन सम्यक रुप से करते हुए मोक्ष प्राप्ति के रास्ते पर चलते रहे। भारतीय संस्कृति में तीज, त्योहार और पर्वों की अपनी मान्यताएं और परंपराएं हैं। इनके पीछे छुपा है जीवन का रहस्य। ये पर्व केवल धार्मिक आस्था और विष्वास को व्यक्त ही नहीं करते, सामाजिक और सांस्कृतिक समृद्धता को भी परिभाषित करते हैं। यही कारण है कि सदियों से ये त्योहार और पर्व हमारी जिंदगी के साथ जुड़े हुए हैं और काल प्रवाह के साथ आज भी मौलिक स्वरुप को अक्षुण बनाए रखे हुए है। दीपावली भी एक ऐसा ही पर्व है जो भले ही धार्मिक आस्था और विष्वास से जुड़ा हो, लेकिन कई रुप और रंग के साथ हमारे जीवन के विविध आयामों को परिभाषित करता है। दीपावली का शाब्दिक अर्थ है दीपों की अवलि अर्थात पंक्ति जो अंधकारमय रात्रि को जगमगा देती है। भावनात्मक रूप में दीवाली भौतिकता के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाने वाला पर्व है। इसे ज्योति पर्व, प्रकाश पर्व और दीपोत्सव भी कहा जाता है। ज्ञान रूपी



प्रकाश की यह पूजा दीपोत्सव, अथवा दीपमालिका का आधार है। प्राचीन काल में दीवाली चतुर्दशी, अमावस्या और कार्तिक प्रतिपदा तीनों दिन मनाने का रिवाज था। आज भी यह पर्वपुंज पांच दिन मनाया जाता है। दीवाली के पांच दिनों में पांच काम करने का विधान है। कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी अर्थात धन तेरस को घर द्वार की साफ-सफाई की जाती है। धनतेरस के मनाने के पीछे कई कारण है। धार्मिक लिहाज से माना जाए तो यह पर्व मृत्यु के देवता यम की पूजा का पर्व भी माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार अकाल मृत्यु, मृत्युपाष, दंड, काल और वैमनस्य, इज्जत सम्मान की ठेस सहित यमराज त्रयोदषी के दीपदान से प्रसन्न हो और सदा निरोग बनाए रख, इसकी कामना के साथ धनतेरस के दिन षाम को एक पात्र में अन्न रखकर दक्षिण दिषा में मुंह करके दीपदान करके यमराज के निमित्त प्रार्थना का विधान भी बताया गया है। दीपावली त्योहार समूह का दूसरा चरण छोटी दिवाली के रूप में मनाया जाता है। इसे नरक चौदस भी कहते हैं। तीज त्योहार पर सजने और संवरने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। श्रृंगार का यह पर्व मन के उल्लास को भी अभिव्यक्त करता है। विषेषकर दीपावली से एक दिन पहले रुपचौदस की महिमा का वर्णन वेदों ओर पुराणों में भी मिलता है। इनमें उत्सव मनाने के लिए तन और मन की सुंदरता को निखारने का वर्णन मिलता है। रुपचौदस का पर्व दरअसल दीपावली का सिंजारा भी माना जाता है। अवसर विषेष पर सजने और संवरने के पीछे भले ही कई तर्क और विधान हो, लेकिन रुप चौदस पर श्रृंगार का अपना महत्व है। ऋतु परिवर्तन के लिहाज से या धन और ऐष्वर्य की देवी लक्ष्मी का स्वागत करने की परंपरा के रुप से ही सही, घर को सजाने और संवारने के साथ इस दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर लक्ष्मी का आगमन से पहले सभी तैयारियां पूरी कर लेती है। दीपावली के अगले दिन कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को गोवर्धन-पूजा का पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। ब्रज प्रदेश में गोवर्धन पूजा को दिवाली से भी अधिक महत्व दिया जाता है। दीपावली पर्वों की श्रृंखला में अंतिम पर्व है यम द्वितीय अथवा भाई दूज। भाई दूज का त्योहार भाई बहिन के स्नेह का प्रतीक है। दो पर्व आगे और दो पीछे लिए हुए मध्य में दीपावली का त्योहार भारतीय संस्कृति का सबसे अधिक गरिमामय पर्व है। देश के हर भाग में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी यह त्योहार बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। साधारण मान्यता यह है कि जब राम-रावण को पराजित कर वनवास की अवधि समाप्त करके लौटे तो अयोध्या को दीपकों से जगमगा दिया गया था। दीपों की ही भांति दिवाली आतिशबाजी और मिठाइयों का भी त्योहार है। अनुमान है कि वैदिक काल में यह नई फसल का त्योहार रहा होगा। शरदकाल में फसल की कटाई के पश्चात नव धान्येष्टि हुआ करती थी। लक्ष्मी पूजन में नये धान्य की खील और बताशे आदि उसी वैदिक परंपरा के लगते हैं। बसंत और शरद दोनों ऋतुएं जलवायु की दृष्टि से श्रेष्ठ मानी गई हैं। आर्य संस्कृति में इस बात का वर्णन बार-बार किया गया है। खगोल शास्त्रियों के अनुसार अश्विन और कार्तिक और फाल्गुन और चैत्र के दिनों में दो बार सूर्य विषुवत रेखा पर होता है। ऐसे समय में बड़े-बड़े उत्सव मनाने की प्रथा भारत में प्राचीन काल से रही है। शरद पूर्णिमा को मनाया जाने वाला कौमुदी महोत्सव और अमावस्या की यक्ष रात्रि का सम्मिलित आयोजन दीपावली के पर्व-पुंज के रूप में सामने आया जो भारतीय संस्कृति के विभिन्न पक्षों से जुड़ता ही नहीं, उन्हें परस्पर जोड़ता भी है।

आर्थिक विकास को संबल देते त्योहार

दिसंबर 2025 में यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत सूची में मान्यता मिलने के बाद भारत के पास दीपावली को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन महोत्सव के रूप में विकसित करने का स्वर्णिम अवसर है। अयोध्या का दीपोत्सव, वाराणसी की देव दीपावली, जयपुर के रोशनी से जगमगाते बाजार, उदयपुर के प्रकाशित महल और देशभर की विशिष्ट दीपावली परंपराएं पर्यटन के प्रमुख आकर्षण हैं। यदि इन आयोजनों को एक साझा राष्ट्रीय ब्रांड के तहत जोड़कर पांच से सात दिन का अंतरराष्ट्रीय दीपावली महोत्सव आयोजित किए जाएं, तो स्थानीय कलाकारों के साथ उनके बनाए देशी उत्पादों को प्रोत्साहन मिलेगा और उनकी वैश्विक पहचान भी बनेगी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रकाश कला प्रदर्शनियों, पारंपरिक खानपान, हस्तशिल्प मेलों और फोटोग्राफी के माध्यम से 'वोकल फार लोकल' की भावना भी साकार होगी। नवरात्रि और दीपावली के त्योहारी सीजन में खुदरा कारोबार 3.75 लाख करोड़ से 4.25 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचता है। दीपावली को वैश्विक पहचान मिलने से यह आंकड़ा पांच लाख करोड़ रुपये के पार जा सकता है। दुनिया के कई देशों ने अपने स्थानीय सांस्कृतिक आयोजनों को वैश्विक ब्रांड बनाकर अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयां दी हैं। ब्राजील के पांच से



छह दिन चलने वाले रियो कार्निवाल में 15 से 20 लाख घरेलू और विदेशी पर्यटक शामिल होते हैं, जो 10,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करते हैं। जर्मनी के 16 दिवसीय ओक्टोबरफेस्ट से म्यूनिख को करीब 11,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष राजस्व मिलता है। आयरलैंड ने सेंट पैट्रिक दिवस को वैश्विक सांस्कृतिक ब्रांड के रूप में स्थापित किया है। इसी तरह जापान का स्नो फेस्टिवल, थाईलैंड का लैंटर्न फेस्टिवल, स्पेन का ला टोमाटीना और बेल्जियम का टुमारोलैंड अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के प्रमुख आकर्षण बन चुके हैं। भारत विविधताओं और उत्सवों का देश है। दीपावली, होली, दशहरा, दुर्गा पूजा, मकर संक्रांति, ओणम और कुंभ मेला केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय जीवनशैली, सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक जुड़ाव के प्रतीक हैं। यदि इन क्षेत्रीय और राष्ट्रीय पर्वों को वैश्विक ब्रांड के रूप में विकसित कर पर्यटन सर्किट से जोड़ा जाए, तो इससे भारतीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन उद्योग और सूक्ष्म उद्यमों को नई गति मिल सकती है। इससे विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ विदेशी मुद्रा आय और रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। भारत में 'एक राज्य, एक अंतरराष्ट्रीय महोत्सव' की अवधारणा पर काम किए जाने की आवश्यकता है। असम के बिहू को अंतरराष्ट्रीय लोक संस्कृति एवं नृत्य महोत्सव, गुजरात के रण उत्सव को अंतरराष्ट्रीय डेजर्ट फेस्टिवल, नगालैंड के हार्नबिल महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय जनजातीय संस्कृति उत्सव, राजस्थान के पुष्कर मेले को अंतरराष्ट्रीय मरुस्थलीय एवं पशु मेले, कर्नाटक के मैसूर दशहरे को अंतरराष्ट्रीय विरासत महोत्सव, केरल के ओणम को अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक एवं नौका उत्सव और पश्चिम बंगाल की दुर्गा पूजा को अंतरराष्ट्रीय कला एवं प्रकाश महोत्सव के रूप में विकसित किया जा सकता है। इसी तरह महाराष्ट्र का गणेशोत्सव, तमिलनाडु का पोंगल, पंजाब की बैसाखी, बिहार का सोनपुर मेला, छत्तीसगढ़ का बस्तर दशहरा, मध्य प्रदेश का खजुराहो नृत्य महोत्सव, ओडिशा का कोणार्क नृत्य महोत्सव, हिमाचल प्रदेश का कुल्लू दशहरा और उत्तराखंड की नंदा देवी राजजात एवं फूलदेई भी अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के प्रमुख आकर्षण बन सकते हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य केवल पर्यटकों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि स्थानीय परंपराओं, कला, खानपान, हस्तशिल्प और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच प्रदान करना भी होना चाहिए। भारत की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधता को देखते हुए एक राष्ट्रीय महोत्सव कैलेंडर तैयार किया जाना चाहिए। दुनिया भर में बसे 3.2 करोड़ एनआरआइ भारत के सांस्कृतिक राजदूत हैं। 'इनक्रेडिबल इंडिया' एप के माध्यम से पासपोर्ट पैकेज में छूट, सिंगल-विंडो बुकिंग, लाइव गाइड और रूट मैप जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराकर होमकमिंग टूरिज्म में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की जा सकती है। यह नई पीढ़ी के एनआरआइ बच्चों को भारतीय परंपराओं, हस्तशिल्प और अपनी जड़ों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन सकता है।

ग्रीन पटाखों को मंजूरी प्रदूषण का समाधान नहीं

सर्वोच्च न्यायालय ने जनभावना और सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की चिंता के बीच संतुलन बनाते हुए 7 और 8 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में सीमित समय के लिए हरित (ग्रीन) पटाखे फोड़ने की सशर्त अनुमति दी है। ऐसे समय में जब वायु गुणवत्ता सूचकांक 'गंभीर' से 'खतरनाक' के बीच झूल रहा है, यह नेक इरादे वाला आदेश दीवाली के आसपास या उसके बाद हवा को साफ करने में कारगर साबित नहीं होगा। एक तो, इन प्रतिबंधों को लागू करने के लिए जिस स्तर की निगरानी की आवश्यकता है, वह राज्य पुलिस बलों या राजनीतिक प्रशासन की क्षमताओं या इच्छाशक्ति से कहीं अधिक है। दो साल पहले सर्वोच्च न्यायालय ने पटाखों पर प्रतिबंध लागू करने में दिल्ली पुलिस की अक्षमता के लिए उसकी कड़ी आलोचना की थी। यह भी संदेहजनक है कि सरकारी निकायों द्वारा प्रमाणित पटाखों की बिक्री को सीमित करने वाले प्रतिबंधों की निगरानी की जा सकेगी या नहीं, उन्हें लागू करना तो दूर की बात है। मीडिया रिपोर्टों में पहले ही गैर-हरित पटाखों की गुपचुप बिक्री का पता चला है, जिनकी मांग एक खास तरह के उपभोक्ता



करते हैं क्योंकि वे हरित पटाखों की तुलना में अधिक किफायती होते हैं और छोटी गलियों में छिपी दुकानों में आसानी से उपलब्ध होते हैं। फर्जी क्यूआर कोड भी तेजी से फैल रहे हैं। लेकिन हरित पटाखों की वास्तविक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय सुरक्षा पर भी संदेह बना हुआ है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्धारित किया है कि केवल वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-नीरी) या पेट्रोलियम एवं सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) द्वारा प्रमाणित और विशिष्ट क्यूआर कोड से चिह्नित पटाखे ही बेचे जा सकते हैं। हालांकि सीएसआईआर-नीरी और पीईएसओ दोनों ही सख्त मानकों के पालन की गारंटी देते हैं, समस्या 'ग्रीन क्रैकर्स' यानी हरित पटाखे की परिभाषा में निहित है, जो कुछ हद तक भ्रामक हो सकती है। कहा जाता है कि ये पार्टिकुलेट मैटर यानी कण तत्व (पीएम) 2.5 और 10 को लगभग 30फीसदी तक तथा सल्फर डाइऑक्साइड और नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों का उत्सर्जन 10 फीसदी तक कम करते हैं। इनमें पारंपरिक पटाखों में पाए जाने वाले बेरियम नाइट्रेट, लीथियम और कैडमियम जैसे जहरीले रसायन भी नहीं होते हैं। लेकिन ये धुआं और पीएम उत्सर्जित करते हैं और पारंपरिक पटाखों की तुलना में केवल थोड़े ही कम हानिकारक हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने शायद दशहरा और दीवाली के दौरान जलाए जाने वाले पटाखों की भारी मात्रा को नजरअंदाज कर दिया है। पिछले वर्ष एक सर्वेक्षण से पता चला कि पटाखे जलाने वाले परिवारों की संख्या में पिछले वर्ष की तुलना में 40 फीसदी की वृद्धि हुई है और उनमें से आधे परिवारों ने पर्यावरण के अनुकूल पटाखों के साथ-साथ पारंपरिक पटाखे भी जलाने का इरादा किया था। यह मानते हुए भी कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के सभी उपभोक्ता जागरूक होकर निर्धारित समय के भीतर केवल पर्यावरण अनुकूल पटाखे ही जलाएंगे, तब भी पीएम10 और पीएम2.5 का उत्सर्जन इतना अधिक होगा कि दीवाली के बाद छाने वाली धुंध की समस्या पैदा हो जाएगी, जो खेती में पराली जलाने और कम हवा की गति के कारण और भी बढ़ जाएगी। संभवतः सर्वोच्च न्यायालय ने एक व्यावहारिक मार्ग चुना है, क्योंकि व्यापक जनहित में पटाखों का इस्तेमाल कम करने से इनकार करने वाले नागरिकों का रवैया काफी अड़ियल है। चूंकि आम चर्चा अक्सर धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करने के अधिकार पर केंद्रित होती है, इसलिए न्यायालय ने कहा है कि यह अधिकार संपूर्ण नहीं है। न्यायालय ने अनुच्छेद 21 के अंतर्गत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हवाला देते हुए इस अधिकार को संतुलित किया है, जिसकी व्याख्या न्यायाधीशों ने स्वस्थ, सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त वातावरण के अधिकार के रूप में की है।

अमेरिका में डेमोक्रेट्स की जीत के बाद अब क्या बदलेगा?

अमेरिका के मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी की जबरदस्त जीत (ब्लू सुनामी) ने राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की नीतियों को निर्णायक रूप से खारिज कर दिया है। डेमोक्रेट्स ने उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस के दोनों सदनों पर नियंत्रण हासिल कर लिया और गवर्नर पदों के अधिकांश चुनावों में जीत दर्ज की। पार्टी ने गवर्नर पद की चार, प्रतिनिधि सभा की 22 और सीनेट की छह सीटें हासिल कीं। अमेरिकी मतदाताओं ने कई अनुभवी नेताओं को चुनाव में हराया और रिपब्लिकन पार्टी के दशकों पुराने दबदबे को भी खत्म किया। डेमोक्रेट्स ने पहली बार टेक्सस में एक लैटिन मूल की महिला को गवर्नर और एक मुस्लिम को सीनेट में पहुंचाया। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी पार्टी के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेने से इनकार करते हुए कहा कि वे स्वयं चुनावी मैदान में नहीं थे जबकि मतदान से पहले उन्होंने मतदाताओं से अपील की थी कि वे ऐसे वोट करें मानो वह स्वयं चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि डेमोक्रेट्स की इस जीत के उत्साह को शासन चलाने की चुनौती की गंभीर वास्तविकता के मद्देनजर संतुलित रखने की जरूरत है। बड़ी टेक कंपनियों ने रिपब्लिकन पार्टी को भारी-भरकम चंदा दिया। इसमें ईलॉन मस्क का योगदान उल्लेखनीय रहा। इसके बावजूद डेमोक्रेट्स को चुनाव में खर्च के मामले में बड़ी बढ़त मिली। अमेरिका में चुनावी खर्च पर नजर रखने वाली गैरदलीय संस्था ओपनसीक्रेट्स के अनुसार डेमोक्रेट्स ने रिपब्लिकन पार्टी की तुलना में 80 करोड़ डॉलर अधिक खर्च किए। अफ्रीकी-अमेरिकी और युवाओं की रिकॉर्ड मतदान भागीदारी ने भी डेमोक्रेट्स की मदद की। ये दोनों पारंपरिक रूप से डेमोक्रेटिक पार्टी के मतदाता रहे हैं। इस चुनावी फैसले के केंद्र में महंगाई को लेकर आम नागरिकों की नाराजगी रही है। ऊंची आयात शुल्क दरों और ईरान युद्ध के कारण पेट्रोल की कीमतों में भारी उछाल आया जिसने लोगों की मुश्किलें बढ़ाईं। इस मुद्दे पर डेमोक्रेट्स की नीतियों की असली परीक्षा होगी। उनकी योजनाओं में उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण, किराये में बढ़ोतरी पर रोक, स्वास्थ्य सेवा और आवास के लिए अधिक सब्सिडी, स्वच्छ ऊर्जा की ओर बदलाव को लागू करना और आयात शुल्क में कटौती शामिल हैं। मेडिकेयर को बहाल करने के अलावा इन नीतियों के प्रभाव पर सवाल उठाए जा सकते हैं। अमेरिकी सरकार पर बढ़ता कर्ज किफायती आवास निर्माण कार्यक्रमों और सब्सिडी के लिए गुंजाइश सीमित करता है। 1971 में निक्सन प्रशासन ने महंगाई पर काबू पाने के लिए कीमतों पर नियंत्रण लागू किया था लेकिन यह दीर्घकाल में विफल साबित हुआ। वहीं आयात शुल्क में बदलाव से डेमोक्रेट्स के पारंपरिक समर्थक वर्गों यानी श्रमिक संघों और छोटे कारोबारियों की नाराजगी का जोखिम है। गौरतलब है कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्कों को वापस नहीं लिया था, और ऐसा उन्होंने ठीक इसी कारण से किया। अब बहुत कुछ ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने और होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने पर निर्भर करेगा। लेकिन लगता नहीं कि ट्रंप पीछे हटने की योजना बना रहे हैं। नई कांग्रेस जनवरी के अंत में सत्ता संभालेगी। यानी राष्ट्रपति को अपनी योजनाओं के अनुसार काम करने के लिए 60 से 90 दिनों का समय अभी मिलेगा। यद्यपि रिपब्लिकन नियंत्रित कांग्रेस ने द्विदलीय सहमति का उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए जून में एक प्रस्ताव पारित किया था जिसमें राष्ट्रपति से ईरान के खिलाफ युद्ध रोकने की मांग की गई थी। लेकिन ट्रंप ने सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर के रूप में मिले संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए इस प्रस्ताव की अनदेखी की है। चूंकि कांग्रेस ने ईरान संबंधी उनकी नीति जारी रखने के लिए बड़ा बजट भी मंजूर किया है इसलिए उनके पास पर्याप्त वित्तीय गुंजाइश है। अपने दूसरे कार्यकाल में रिकॉर्ड संख्या में कार्यकारी आदेशों के जरिये शासन चलाने वाले ट्रंप अपनी नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए इस माध्यम का इस्तेमाल और बढ़ा सकते हैं।

बड़ी नाकामियां

मतदाता सूची और कल्याणकारी योजनाएं

केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह का उनके मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान व भुगतान करने के लिए 'आधार' की जगह बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण वाले मतदाता पहचान पत्रों का इस्तेमाल किए जाने संबंधी बयान मौजूदा कानूनों एवं नियमों के उलट है। बुनियादी रूप से, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) द्वारा विभिन्न राज्यों में खामियों से सराबोर 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) के जरिए तैयार की गई मतदाता सूचियां लाभार्थियों की पहचान की जांच करने वाली डेटासेट बन जाएगी। लेकिन यह कदम बिहार एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट के 27 मई के फैसले के उलट है। साथ ही, यह पश्चिम बंगाल सरकार के एसआईआर के दौरान हटाए गए लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और अन्नपूर्णा योजना से बाहर करने के आदेशों के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई के दौरान की गई सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों के भी खिलाफ है। अदालत ने कहा कि मतदाता सूची में किसका नाम होना चाहिए, यह तय करने के लिए ईसीआई नागरिकता के संबंध में सिर्फ एक 'सीमित जांच' ही कर सकता है और 'इसके तहत की गई कोई भी कार्रवाई सिर्फ चुनावी नतीजों तक ही सीमित होगी '। अदालती फैसले में कहा गया है कि मतदाता सूची से नाम हटाए जाने का नतीजा, सूची में उस व्यक्ति के स्थान और उसके मतदान के अधिकार तक ही 'सीमित' रहता है। अदालत ने ईपीआईसी को 'मतदाता सूची में शामिल किए जाने के आधार पर जारी किया गया एक व्युत्पन्न दस्तावेज' भी कहा और यह माना कि उसी मतदाता सूची के सत्यापन के लिए इसी दस्तावेज पर निर्भर रहना, पूरी प्रक्रिया के मकसद को ही नाकाम कर देगा। यह विडंबना है कि श्री सिंह अब चाहते हैं कि यही 'व्युत्पन्न दस्तावेज' कल्याणकारी लाभों का निर्धारण करने की बुनियाद बने। हर नागरिक पात्र मतदाता नहीं होता और सुविधाओं को मतदाता सूची से जोड़ना तर्कहीन एवं क्रूर भी है। पश्चिम बंगाल में, लाखों लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। इनमें से कई नाम तो संदिग्ध 'तार्किक विसंगतियों' के आधार पर हटाए गए। नाम बहाल करने के लिए सुनी गई अपीलों में से 93 फीसदी मामलों में सितंबर 2026 तक नाम वापस जोड़ दिए गए, जो चुनाव से पहले बड़े पैमाने पर लोगों को मताधिकार से वंचित किए जाने की ओर इशारा करता है। अदालत ने कहा है कि उसे अभी ईसीआई के 'तार्किक विसंगतियों' वाले तरीके की वैधता पर फैसला सुनाना बाकी है। ईसीआई ने एसआईआर को इसलिए डिजाइन किया था ताकि निवास संबंधी कड़े मानदंडों के जरिए नामांकन को सीमित किया जा सके।

'वंदे मातरम' के 151 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रपति मुर्मु ने देशवासियों को दी बधाई

संचार जगत



नई दिल्ली। राष्ट्र गीत वंदे मातरम की रचना के 151 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु समेत कई नेताओं ने देशवासियों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने एक्स हैंडल पर लिखा कि स्वतन्त्रता आंदोलन के दौरान इस गीत ने देशभक्तों के लिए साहस, एकता और संकल्प के उद्घोष के रूप में कार्य किया। आज भी यह हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी सहित कई नेताओं ने एक्स पर पोस्ट में वंदे मातरम की 151वीं वर्षगांठ पर देश और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि भारत की आत्मा, स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष और असंख्य देशभक्तों के त्याग एवं बलिदान की अमर अभिव्यक्ति है। इसकी प्रेरणा हर पीढ़ी में राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध, गौरव और समर्पण की भावना जागृत करती है।

राम की नगरी अयोध्या में लगता है यमराज का मेला

संचार जगत



अयोध्या। भगवान श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या वैसे तो हर दिन भक्ति, आस्था और अध्यात्म का केंद्र बनी रहती है, लेकिन दीपावली के तीसरे दिन यहां एक अनोखी परंपरा निभाई जाती है। इस दिन भक्त यमराज यानी मृत्यु के देवता की पूजा करते हैं। यह अनोखा आयोजन न केवल धार्मिक आस्था से जुड़ा है, बल्कि पौराणिक कथा और पारिवारिक प्रेम का भी प्रतीक है। मान्यता है कि जब भगवान श्रीराम ने पृथ्वी से वैकुंठ गमन का निश्चय किया, तब यमराज स्वयं उन्हें लेने अयोध्या आए थे। कहा जाता है कि उन्होंने जमथरा घाट पर विश्राम किया था और वहीं से आगे बढ़कर भगवान श्रीराम ने गुप्तार घाट पर जल समाधि ली थी। इसी स्मृति में हर वर्ष कार्तिक शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि, जिसे यम द्वितीया कहा जाता है, अयोध्या के सरयू तट स्थित यमथरा घाट पर भव्य पूजा और मेला आयोजित किया जाता है। प्रातःकाल से ही श्रद्धालु सरयू नदी में स्नान कर भयमुक्त और दीर्घायु जीवन की कामना करते हैं। भक्तों का विश्वास है कि इस दिन यमराज की पूजा करने से व्यक्ति को यमभय से मुक्ति और मृत्यु पर विजय का आशीर्वाद मिलता है। खासतौर पर बहनें इस दिन व्रत रखती हैं और अपने भाइयों की दीर्घायु और कल्याण के लिए यमराज से प्रार्थना करती हैं। यह दिन भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक भी माना जाता है। कहा जाता है कि यमराज ने यह तपोस्थली स्वयं अयोध्या माता से प्राप्त की थी, इसलिए यहां की पूजा का महत्व अन्य स्थानों से कहीं अधिक है। यमथरा घाट पर इस दिन भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ता है। आरती, भजन, दीपदान और मेला पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना देते हैं। दीपावली के तीसरे दिन अयोध्या का यह आयोजन सिर्फ पूजा नहीं, बल्कि आस्था, प्रेम और पौराणिक इतिहास का संगम है। श्रद्धालु यह मानते हैं कि यमराज की आराधना करने से न केवल मृत्यु का भय दूर होता है, बल्कि जीवन में संतुलन, अनुशासन और कर्म की चेतना भी बढ़ती है।

9 हजार 187 अधिकारियों और कर्मियों को मिली प्रोन्नति

संचार जगत



पटना। बिहार पुलिस में प्रशासनिक क्षमता और कार्यकुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने वर्ष 2026 में अब तक 9 हजार 187 अधिकारियों और कर्मियों को प्रोन्नति देते हुए कार्यकारी प्रभार सौंपा है। एक अप्रैल से अब तक विभिन्न संवर्गों में दी गई इस प्रोन्नति से पुलिस विभाग में न केवल अधिकारियों और कर्मियों की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, बल्कि संगठनात्मक व्यवस्था और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। इसी क्रम में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को उच्च पदों का कार्यकारी प्रभार सौंपा गया है। प्रोन्नति पाने वालों में सबसे अधिक संख्या सहायक अवर निरीक्षक से पुलिस अवर निरीक्षक बनने वाले कर्मियों की है। इस श्रेणी में 6 हजार 800 कर्मियों को कार्यकारी प्रभार दिया गया है। इसके अलावा पीटीसी से सहायक अवर निरीक्षक के पद पर एक हजार 545 और एसएलसी से हवलदार के पद पर 79 कर्मियों को प्रोन्नति मिली है। पुलिस निरीक्षक से डीएसपी के पद पर 88 अधिकारियों को कार्यकारी प्रभार सौंपा गया है। विभाग का मानना है कि प्रोन्नति से कर्मियों का मनोबल बढ़ेगा और वे नई जिम्मेदारियों के साथ पुलिस एवं प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में योगदान दे सकेंगे। इससे विभाग में नेतृत्व क्षमता विकसित होने के साथ कार्यों के निष्पादन में भी तेजी आने की उम्मीद है।

बागडोगरा में एयर वॉरियर्स से मिले राजनाथ सिंह

कहा-अनुशासन ही सबसे बड़ी ताकत



संचार जगत

बागडोगरा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बागडोगरा एयरफील्ड पर भारतीय वायुसेना के एयर वॉरियर्स से मुलाकात की और उनसे बातचीत की। इस दौरान उन्होंने जवानों के शौर्य, साहस और समर्पण की जमकर तारीफ की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैं आपसे केवल औपचारिक बातें करने नहीं आया हूं बल्कि दिल की बातें करने आया हूं। हमारे एयर वॉरियर का शौर्य, साहस और समर्पण अद्भुत है। हमारे एयर वॉरियर हर चुनौती के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। आपका यह समर्पण ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। राजनाथ सिंह ने कहा कि बागडोगरा का यह क्षेत्र भारत की सुरक्षा व्यवस्था में एक विशिष्ट और महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने कहा कि आपकी सतर्कता और विवेक के माध्यम से ही हम दुश्मन के हर मंसूबे को विफल कर सकते हैं। टेक्नोलॉजी चाहे कितनी आधुनिक क्यों न हो, अगर जवानों के अंदर अनुशासन और साहस नहीं है, तो टेक्नोलॉजी अपने आप में बेकार है।

पीएम मोदी ने देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं

संचार जगत



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि यह पर्व अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई और निराशा पर आशा की शाश्वत विजय का प्रतीक है। पीएम मोदी ने उम्मीद जताई कि यह पर्व सभी को दयालुता का प्रसार करने, सकारात्मक सोच अपनाने और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि दीपावली भारत की समृद्ध परंपराओं पर गर्व करने और आपसी एकजुटता के संबंधों को मजबूत करने का भी अवसर है। प्रधानमंत्री ने सभी से समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण के लिए नयी ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया।

रामनगरी में लोक संस्कृति के रंगों ने बांधा समां

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में शनिवार को दसवें दीपोत्सव का भव्य आगाज हुआ। साकेत महाविद्यालय से पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति और रामायण के प्रसंगों पर आधारित झांकियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ढोल-मंजीरों की गूंज, धोबिया नृत्य की थाप और पारंपरिक वेशभूषा में सजे कलाकारों की प्रस्तुतियों ने पूरी रामनगरी को उत्सव के रंग में सराबोर कर दिया। झांकियों के आगे महिलाएं ढोल बजाते हुए चल रही थीं, जबकि रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने फूल बरसाकर कलाकारों का स्वागत किया। इस बार दीपोत्सव में देश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकार अपनी लोक परंपराओं के जरिए सांस्कृतिक विविधता की छटा बिखेर रहे हैं। कलाकारों ने कहा कि भगवान राम की धरती पर प्रस्तुति देना उनके लिए गर्व और सौभाग्य का विषय है।

इजरायल में आज खुल सकता है सत्ता का दरवाजा

संचार जगत



तेल अवीव। इजरायल में आज नई सरकार बनने का रास्ता साफ हो सकता है और सत्ता किसके हाथ में होगी, इसके बारे में फैसला हो सकता है। वहां हाल ही संपन्न हुए चुनाव को लेकर राजनीतिक अनिश्चितता बनी हुई है। अब रविवार को साफ होगा कि राष्ट्रपति इसाक हर्जोग किसे मौका देते हैं। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके प्रमुख प्रतिद्वंद्वी एवं पूर्व सेना प्रमुख गादी आइजेनकोट, दोनों ही बहुमत के आंकड़े से दूर हैं। ऐसे में हर्जोग के सामने चुनौती बड़ी है। राष्ट्रपति हर्जोग रविवार को सरकार गठन के लिए किसी एक उम्मीदवार को आमंत्रित करने वाले हैं। उन्होंने एक वीडियो मैसेज जारी कर इसकी जानकारी दी थी। राष्ट्रपति के साथ राजनीतिक दलों के प्रमुखों की बातचीत गुरुवार को पूरी हुई। इस दौरान 120 सदस्यीय नेसेट के 67 सदस्यों ने आइजेनकोट के समर्थन में अपनी राय दी, जबकि नेतन्याहू को 46 सांसदों का समर्थन मिला। नेतन्याहू के नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी और धार्मिक गठबंधन के पास 53 सीटें हैं। हालांकि, उनके पुराने सहयोगी यूनाइटेड टोरा यहूदी पार्टी ने समर्थन देने से परहेज किया है। यह पार्टी अति-रूढ़िवादी यहूदियों को अनिवार्य सैन्य सेवा से छूट देने के मुद्दे पर सरकार से नाराज है। इजरायल में सरकार बनाने के लिए 61 सीटों का बहुमत जरूरी है। मौजूदा चुनावी स्थिति में नेतन्याहू के दक्षिणपंथी और धार्मिक गठबंधन के पास 53 सीटें हैं, जबकि आइजेनकोट का समर्थन करने वाले चार यहूदी दलों के पास 48 सीटें हैं। अरब नेतृत्व वाली पार्टियों के पास कुल 19 सीटें हैं।

कर्नाटक ई-20 विवाद

केंद्र ने ज्यादा इथेनॉल मिलावट के दावे को किया खारिज

संचार जगत



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने कर्नाटक के कुछ पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल में तय सीमा से ज्यादा इथेनॉल मिलाने के दावों को खारिज कर दिया। केंद्र ने राज्य द्वारा अपनाई गई सैंपलिंग और जांच की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए और कहा कि देशव्यापी गुणवत्ता निगरानी के तहत राज्य में जांचे गए सभी 56 सैंपल तय ई20 मानकों पर खरे उतरे हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि तीन सरकारी तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि 26-31 प्रतिशत इथेनॉल मिलावट के दावे तय वैधानिक और तकनीकी प्रक्रियाओं के तहत किए गए परीक्षणों से साबित नहीं होते। मंत्रालय ने बयान में कहा कि देशभर में कर्नाटक सहित इन तीनों कंपनियों द्वारा आपूर्ति किया जाने वाला ई20 पेट्रोल आईएस 17021 के अनुरूप है, जो इथेनॉल-मिश्रित मोटर गैसोलीन के लिए भारतीय मानक ब्यूरो का मानक है। मंत्रालय ने कहा कि तेल कंपनियों ने अक्टूबर 2026 के दौरान अपनाई गई सैंपलिंग प्रक्रिया और जांच पद्धति पर चिंता जताई है। सरकार ने कहा कि सितंबर 2026 के दौरान लिए गए सैंपल राज्य स्तरीय समन्वयक के माध्यम से नामित ओएमसी प्रयोगशालाओं में भेजे गए थे और जरूरी गुणवत्ता मानकों पर उनकी जांच की गई थी। हालांकि, इसके बाद अक्टूबर में हुई जांच में कथित तौर पर ओएमसी प्रतिनिधियों की भागीदारी के बिना ही सैंपल लिए गए। खास बात यह है कि कर्नाटक में जांचे गए सभी 56 सैंपल, जो अलग-अलग जगहों और तीनों ओएमसी से थे, वे भी मानकों के अनुरूप पाए गए।

अमृतसर में पुलिस-बीएसएफ की संयुक्त कार्रवाई

दो पिस्टल और 1.986 किलो हेरोइन बरामद



अमृतसर। पुलिस और सीमा सुरक्षा बल ने भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे अमृतसर के इलाकों में नशा और अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दो पिस्टल और एक खाली मैगजीन बरामद की है जबकि बीएसएफ ने दो स्थानों से करीब दो किलो हेरोइन जब्त की है। जानकारी के अनुसार घरिंडा पुलिस ने अवैध हथियार रखने के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को नामजद किया है। पुलिस ने इनमें से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से दो अवैध पिस्टल और एक खाली मैगजीन बरामद हुई है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि हथियारों की सप्लाई और उनके इस्तेमाल से जुड़ी जानकारी जुटाई जा सके। मामले में तीसरे आरोपी की भूमिका की भी जांच की जा रही है। उधर, बीएसएफ ने लोपोके थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए हेरोइन की दो खेप बरामद की। पहली कार्रवाई में जवानों ने पैकेट सहित 1 किलो 74 ग्राम वजन की खेप जब्त की। जांच के दौरान इसमें 1 किलो 6 ग्राम हेरोइन और 68 ग्राम पैकेजिंग सामग्री पाई गई। इस मामले में पाकिस्तानी तस्कर को अज्ञात आरोपी के रूप में नामजद किया गया है। बीएसएफ की दूसरी कार्रवाई में पैकेट सहित 1 किलो 110 ग्राम वजन की खेप बरामद की गई। जांच करने पर इसमें 980 ग्राम हेरोइन और 130 ग्राम पैकेजिंग सामग्री मिली। इस मामले में भी तस्कर की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। हेरोइन बरामदगी के दोनों मामले लोपोके थाना क्षेत्र में दर्ज किए गए हैं। इससे पहले मंगलवार को अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने अवैध हथियारों और नशे की सप्लाई करने वाले तीन अलग-अलग नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 12 अवैध पिस्तौल, 2 हैंड ग्रेनेड, 310.10 ग्राम हेरोइन और 33 कारतूस बरामद किए गए हैं।

केंद्र सरकार ने राज्यों के बीच कैदियों के तबादले की मंजूरी दी

संचार जगत



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पंजाब पुलिस एंड करेक्शनल सर्विसेज एक्ट, 2006 को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में लागू कर दिया है। इसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के बीच कैदियों के तबादले और जेल प्रशासन के कामकाज में बदलाव से जुड़े प्रावधान शामिल किए गए हैं। इसके जरिए पंजाब के कानून को कुछ संशोधनों के साथ केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में लागू किया गया है। इन संशोधित प्रावधानों में चंडीगढ़ और अन्य राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों के बीच कैदियों के तबादले की व्यवस्था की गई है। इन प्रावधानों के तहत, चंडीगढ़ में सजा काट रहे कैदियों को संबंधित सरकार की सहमति और चंडीगढ़ प्रशासक के आदेश से किसी दूसरे राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की जेल में भेजा जा सकता है। संशोधनों में यह भी व्यवस्था है कि चंडीगढ़ की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने या जनहित के लिए विचाराधीन कैदियों को भी दूसरे राज्य या केंद्र शासित प्रदेश में भेजा जा सकता है, बशर्ते उस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की सरकार इसके लिए सहमत हो।

वैश्विक रसायन उद्योग में भारत की स्थिति मजबूत

संचार जगत

नई दिल्ली। भारत का रसायन और पेट्रोकेमिकल उद्योग, जिसका वर्तमान आकार लगभग 220 अरब डॉलर है, वर्ष 2030 तक 300 अरब डॉलर और 2040 तक एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है। सरकार द्वारा जारी फैक्टशीट के अनुसार भारत वैश्विक रसायन उद्योग में लगातार अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है और यह क्षेत्र देश की औद्योगिक एवं विनिर्माण वृद्धि का महत्वपूर्ण आधार बनता जा रहा है। फैक्टशीट में कहा गया है कि भारत वर्तमान में दुनिया का छठा सबसे बड़ा रसायन उत्पादक और एशिया का चौथा सबसे बड़ा उत्पादक है। इस क्षेत्र के उत्पादों का उपयोग औषधि, वस्त्र, निर्माण, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और उपभोक्ता वस्तुओं सहित अनेक उद्योगों में किया जाता है। सरकार ने अधिकांश रसायन क्षेत्रों में 100 प्रतिशत एफडीआई को स्वचालित मार्ग के तहत अनुमति दे रखी है, जिसके तहत विदेश से आने वाले निवेश को सरकार की पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं होती। इसी का परिणाम है कि 2014 से 2026 के बीच इस क्षेत्र में एक लाख4 हजार 895 करोड़ रुपए का एफडीआई आया, जो 2004 से 2014 के दौरान प्राप्त 45 हजार 240 करोड़ रुपए के मुकाबले दोगुने से भी अधिक है। बयान में कहा गया है कि विशेष रसायनों के क्षेत्र में भी भारत की वैश्विक उपस्थिति मजबूत है। देश दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा डाई निर्माता और निर्यातक है, जबकि कृषि रसायनों के निर्यात में तीसरे स्थान पर है। सरकार इस क्षेत्र को और गति देने के लिए कई नई पहलें लागू कर रही है, जिनमें समर्पित केमिकल पार्क, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने वाली योजनाएं तथा गुणवत्ता और निवेश को प्रोत्साहित करने वाले कदम शामिल हैं।

श्री महाकालेश्वर मंदिर में परंपरागत तरीके से दीपोत्सव शुरु

संचार जगत



उज्जैन। धनतेरस के पावन अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल की भस्म आरती की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा के दिव्य स्वरूप के दर्शन किए। एकादशी पर संध्या आरती में फूलझड़ी जलाकर बाबा की आरती की गई। इस आरती के साथ ही श्री महाकालेश्वर मंदिर में परंपरागत तरीके से दीपोत्सव की शुरुआत हो गई है। शुक्रवार तड़के भगवान वीरभद्र की आज्ञा लेने के बाद ढोल-नगाड़ों के साथ बाबा महाकाल के कपाट खोले गए। दिव्य शृंगार और भस्म आरती के बाद श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल के दर्शन हुए। मंदिर परिसर घंटियों, शंखध्वनि और मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो उठा। महाकाल मंदिर के पट खुलने के साथ ही मंत्रोच्चार के बीच भगवान महाकाल का जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शहद और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक किया गया। बाबा महाकाल की पूजा के दौरान प्रथम घंटाल बजाकर हरिओम जल अर्पित किया गया। कपूर की आरती के बाद बाबा महाकाल ने मुकुट धारण किया। इसके बाद झांझ-मंजीरे, ढोल-नगाड़े और शंखनाद के साथ भस्म आरती की गई। भांग से बाबा महाकाल को भव्य तरीके से सजाया गया। इसके बाद बाबा को भस्म रमाई गई। बाबा के इस स्वरूप का भक्तों को दर्शन होते ही जय श्री महाकाल के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गूंज पड़ा। झांझ-मंजीरे और डमरू की ध्वनि से बाबा की आरती की गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल की भस्म आरती के दर्शन किए। अपने आराध्य देव के दर्शन पाने के लिए रात से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु कतारबद्ध थे। परंपरा के अनुसार, महानिर्वाणी अखाड़े की ओर से बाबा महाकाल को भस्म अर्पित की जाती है। मान्यता है कि भस्म अर्पित किए जाने के बाद बाबा महाकाल निराकार से साकार रूप में दर्शन देते हैं। बाबा महाकाल की इस अद्भुत आरती में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन की पावन नगरी पहुंचते हैं और दर्शन कर खुद को धन्य महसूस करते हैं।

ईरान ने 12 देशों के विदेशमंत्रियों से की मुलाकात

तेहरान। ईरान ने बीते दो दिनों में 12 देशों के विदेशमंत्रियों के साथ मुलाकात की है। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि उन्होंने गुरुवार और शुक्रवार को 12 देशों के अपने समकक्षों से संवाद स्थापित किया। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने बताया कि उन्होंने ईरान के मूल रुख को स्पष्ट किया। साथ ही, उन्होंने देशों की राष्ट्रीय संप्रभुता का सम्मान करने, हिंसा और धमकियों को रोकने, विनाशकारी विदेशी हस्तक्षेप से बचने और असुरक्षा को फैलने से रोकने की आवश्यकता पर चर्चा की। अराघची ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र के बाहर की महाशक्तियों के हस्तक्षेप के बिना, क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था बनाने की जरूरत पर चर्चा की।

आग लगने से झुग्गी-बस्ती के 50 से ज्यादा घर जलकर खाक

संचार जगत



जबलपुर। मध्य प्रदेश के जबलपुर में आग लगने से झुग्गी-बस्ती के 50 से ज्यादा घर जलकर खाक हो गए हैं, जिससे कई परिवार बेघर हो गए है। शनिवार तड़के जिले के गाजी नगर इलाके में एक झुग्गी बस्ती में भीषण आग लग गई। इस घटना में 50 से अधिक झुग्गियां जलकर खाक हो गईं और कई परिवार बेघर हो गए। पुलिस के अनुसार, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग तड़के करीब 2 बजे गोहलपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेमा गार्डन के पास स्थित झुग्गी बस्ती में लगी। आग की लपटें तेजी से फैलीं और आसपास की कई झुग्गियों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे लोगों का घरेलू सामान, अनाज, कपड़े और अन्य जरूरी चीजें जलकर नष्ट हो गईं। पुलिस कंट्रोल रूम को तड़के करीब 2 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके तुरंत बाद कई दमकल गाड़ियां और पानी के टैंकर मौके पर भेजे गए। मौके पर करीब 8 से 9 दमकल गाड़ियां तैनात की गईं, जबकि एहतियात के तौर पर एंबुलेंस भी वहां मौजूद थीं। प्रभावित बस्ती में शुरुआती अनुमान के मुताबिक 40 से 50 परिवार रह रहे थे। इस घटना ने दीपावली से ठीक पहले कई गरीब परिवारों को बेघर कर दिया है। आग में इन लोगों का घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में आने के बाद प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किए जाने की उम्मीद है।

अल नीनो से प्रभावित 225 जिलों के लिए केंद्र की विशेष योजना

रबी बुवाई में मदद करेगा नया कृषि डैशबोर्ड



संचार जगत

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने अल नीनो मौसम प्रणाली के चलते इस वर्ष अनियमित मानसून से प्रभावित देशभर के 225 जिलों में मौजूदा रबी सीजन में बुवाई को सुगम बनाने के लिए आपातकालीन योजना तैयार की है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक एमएल जाट ने बताया कि हम एक गतिशील डैशबोर्ड विकसित करके आकस्मिक योजना को एक नए स्तर पर ले जा रहे हैं। यह डैशबोर्ड भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के साप्ताहिक पूर्वानुमानों, जल निकायों से संबंधित आंकड़ों और अन्य प्रासंगिक जानकारियों को एकीकृत करेगा, जिससे अधिकारियों को स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर निर्णय लेने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित डैशबोर्ड उपयोगकर्ताओं को जिला स्तर पर जानकारी प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करेगा। नया डैशबोर्ड केवल आपातकालीन योजना के लिए चिन्हित 225 जिलों तक सीमित न रहकर पूरे देश को कवर करेगा। आईसीएआर प्रमुख ने कहा कि जिस जिले को पहले सूखाग्रस्त श्रेणी में रखा गया था, आने वाले दिनों में पर्याप्त बारिश होने पर वह इस श्रेणी से बाहर निकल सकता है।

बालकनी से सिर के बल गिरा मासूम, मौत

संचार जगत



कोटा। राजस्थान के कोटा में धनतेरस की रात एक दर्दनाक हादसे में ढाई साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई। बच्चा घर की बालकनी में खेल रहा था। इसी दौरान वह रेलिंग पर चढ़कर नीचे देखने लगा और अचानक संतुलन बिगड़ने से सिर के बल नीचे गिर गया। हादसे के बाद परिजन उसे तत्काल निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां करीब तीन घंटे तक उसका इलाज चला। गंभीर चोटों के कारण देर रात बच्चे ने दम तोड़ दिया। त्योहार की खुशियां पलभर में मातम में बदल गईं। मृतक बच्चे की पहचान महावीर नगर एक्सटेंशन स्कीम निवासी हर्षित गौतम के ढाई साल के बेटे अर्णित उर्फ शिवाय के रूप में हुई है। बच्चे के पिता पेशे से वकील हैं, जबकि मां गृहिणी हैं। उसकी एक बड़ी बहन भी है। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। डॉ. मोहित गौतम ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 8 बजे उनका भतीजा अर्णित उर्फ शिवाय घर की बालकनी में खेल रहा था। उस समय उसकी मां घर में दीपावली के त्योहार के लिए दीये जला रही थी। इसी दौरान खेलते-खेलते बच्चा बालकनी की रेलिंग पर चढ़ गया और नीचे की ओर देखने लगा।

कर्मचारियों की वरिष्ठता और प्रमोशन पर फिर होगा मंथन

संचार जगत

शिमला। हिमाचल प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों की वरिष्ठता और पदोन्नति से जुड़े मामलों की एक बार फिर समीक्षा की जाएगी। हिमाचल प्रदेश भर्ती एवं सेवा शर्तें सरकारी कर्मचारी अधिनियम, 2024 को हाईकोर्ट द्वारा रद्द किए जाने और सुप्रीम कोर्ट में राज्य सरकार की रिव्यू पिटीशन खारिज होने के बाद सरकार ने इस दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्य सचिव की ओर से जारी आदेशों में सभी प्रशासनिक विभागों को कोर्ट के फैसले के अनुरूप जरूरी प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत कर्मचारियों की अस्थायी वरिष्ठता सूची तैयार करने, उस पर विचार करने और अंतिम सूची जारी करने की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके अलावा पदोन्नति के लिए रिव्यू डीपीसी या नई डीपीसी आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

बिल्डर ने ठेकेदार को पीटा तो सुसाइड करने पहुंचा



संचार जगत

अलवर। अलवर के अपना घर शालीमार में 15 लाख रुपए के बकाया भुगतान मांगने पर बिल्डर ने ठेकेदार के साथ मारपीट कर दी। ठेकेदार का एक दांत तोड़ दिया। घटना से आहत होकर ठेकेदार सुसाइड नोट लिखकर रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने पहुंच गया। समय रहते दोस्तों ने उसे तलाश लिया और जान बच गई। मामला बुधवार शाम का है। पीड़ित सुनील पांडेय निवासी महताब सिंह का नोहरा ने सदर थाने में बिल्डर मुकेश कुमार सैनी के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुनील पिछले करीब 10 साल से शालीमार क्षेत्र में भवन निर्माण का काम कर रहे हैं। करीब चार साल पहले उन्होंने बिल्डर मुकेश सैनी के साथ काम शुरू किया था। पीड़ित के अनुसार, बिल्डर के पास उनके करीब 15 लाख रुपए बकाया हैं, जिन्हें वह पिछले डेढ़ साल से मांग रहे थे, लेकिन हर बार भुगतान के लिए टालमटोल कर रहा था। सुनील के दोस्त मोहित ने बताया- हमें जैसे ही बिल्डर की ओर से सुनील के साथ मारपीट किए जाने की जानकारी मिली। हम तलाश में निकल पड़े। तलाश के दौरान सुनील रेलवे ट्रैक के पास मिला। उसकी जेब में एक सुसाइड नोट भी था। नोट में सुनील ने लिखा था कि मुकेश कुमार सैनी अपना घर शालीमार में बिल्डर है।

देश ने आपातकाल भी देखा, अराजकता की बात करने वाले इतिहास न भूलें, राहुल गांधी पर भड़के मेघवाल

संचार जगत



बीकानेर। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कांग्रेस और उसके शीर्ष नेतृत्व पर तीखा राजनीतिक हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति हमेशा से सकारात्मक और अच्छे कार्यों का विरोध करने पर केंद्रित रही है। राहुल गांधी के वोटर आईडी कार्ड को लाभार्थियों से जोड़ने संबंधी बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष संवैधानिक संस्थाओं को लेकर भ्रम फैलाने और राजनीतिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहा है। मेघवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि राहुल गांधी आजकल हर अच्छी पहल की आलोचना करते हैं, बिना यह सोचे कि इसके पीछे क्या कारण हैं या इसे क्यों लागू किया जा रहा है। टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट होते रहते हैं, तो इसमें आलोचना करने वाली क्या बात है? हम चाहे कितना भी अच्छा काम क्यों न करें, उन्हें आलोचना करने के लिए कुछ न कुछ मिल ही जाता है। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक की भी आलोचना की थी। अब उनके बारे में और क्या कहा जा सकता है पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की टिप्पणियों पर निशाना साधते हुए मेघवाल ने कहा कि अगर कोई लोकतंत्र में अराजकता फैलाए, तो जनता चुप नहीं बैठ सकती है। अशोक गहलोत को देखना चाहिए कि वे दिल्ली में आकाशवाणी परिसर में क्या कर रहे थे। क्या वे वहां अव्यवस्था नहीं फैला रहे थे? उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत खुद भी सरकार में रह चुके हैं और अच्छी तरह जानते हैं कि अगर कोई भारत निर्वाचन आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलना चाहता है, तो उसे एक ज्ञापन सौंपना होता है और प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की सूची देनी होती है। इसके बाद आयोग समय तय करता है और मुलाकात का कार्यक्रम बनाता है। विपक्ष के भाजपा पर अराजकता फैलाने के आरोपों पर पलटवार करते हुए मेघवाल ने कहा कि अराजकता की बात करने वालों को पहले देश का इतिहास याद करना चाहिए। देश ने इंदिरा गांधी के शासनकाल में आपातकाल का दौर भी देखा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को समझाने के लिए चीफ जस्टिस तक को सामने आना पड़ा। अर्जुन राम मेघवाल ने देश में आपातकाल के दौर को याद करते हुए कहा कि 1975 में उनका रवैया लोकतंत्र को कमजोर करने का था।

नगर परिषद ने कचरा जलाने पर लगाई रोक



संचार जगत

श्रीगंगानगर। नगर परिषद ने शहर में स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से खुले में कचरा, प्लास्टिक, पत्तियां एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थ जलाने की घटनाओं पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए हैं। नगर परिषद आयुक्त मिल्ख राज चुघ के अनुसार समस्त सफाई निरीक्षकों को अपने अपने आवंटित क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखने तथा कचरा जलाने की घटनाओं की प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर परिषद का कोई सफाई निरीक्षक अथवा कर्मचारी कचरा जलाते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए आधे दिन के वेतन की कटौती की जाएगी। वहीं आम नागरिकों द्वारा कचरा जलाते हुए पाए जाने पर प्रथम बार 500 रुपये, दूसरी बार 2,000 रुपये तथा तीसरी बार 5,000 रुपये का जुर्माना नियमानुसार लगाया जाएगा।

मतदान ड्यूटी से नदारद वीडीओ निलंबित

संचार जगत

टोंक। पंचायतीराज आम चुनाव के तहत 5 नवंबर को हुए मतदान के दौरान निर्वाचन दायित्वों में लापरवाही बरतने पर जिला परिषद प्रशासन ने सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश कुमार मीना ने पंचायत समिति पीपलू की ग्राम पंचायत झिराना मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम विकास अधिकारी मुकेश कुमार गुर्जर बिना किसी पूर्व सूचना अथवा सक्षम स्वीकृति के नदारद मिले। चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में गंभीर लापरवाही मानते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय पंचायत समिति देवली निर्धारित किया गया है। अधीनस्थ कार्मिकों के पर्यवेक्षण एवं मतदान व्यवस्थाओं की निगरानी में ढिलाई बरतने पर पीपलू की विकास अधिकारी श्वेता खोरवाल को सीसीए नियम के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

चौथे चरण में 195 प्रत्याशी मैदान में

टोंक। टोंक जिले की तीन पंचायत समितियों निवाई, टोडारायसिंह और टोंक में पंचायत समिति सदस्य पदों के लिए नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनावी तस्वीर साफ हो गई है। संवीक्षा के दौरान 39 नामांकन पत्र अस्वीकृत और 12 डिस्कार्ड किए गए थे। कुल 228 वैध उम्मीदवारों में से 33 अभ्यर्थियों ने अपने नाम वापस ले लिए। अब 65 वार्डों में कुल 195 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाएंगे। नाम वापसी के बाद राजनीतिक दलों के अधिकृत उम्मीदवारों और निर्दलीय प्रत्याशियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क और प्रचार अभियान तेज कर दिया है।

सतरंगी रोशनी से जगमगाया शहर

संचार जगत



टोंक। दीपावली के अवसर पर नगर परिषद द्वारा शहर में की गई विशेष विद्युत सजावट का औपचारिक उद्घाटन घंटाघर पर किया गया। नगर परिषद सभापति मयंक गोयल ने बटन दबाकर रोशनी का विधिवत शुभारंभ किया। इसके साथ ही घंटाघर सहित शहर के प्रमुख बाजार, चौराहे और मुख्य मार्ग रंग-बिरंगी रोशनी से रोशन हो उठे। इस मौके पर सभापति ने शहरवासियों को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि टोंक गंगा-जमुनी संस्कृति और आपसी सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने सभी से त्योहार को प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने तथा शहर की स्वच्छता में भागीदारी निभाने की अपील की। उद्घाटन के दौरान उपसभापति, पार्षदगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस मौके पर युवाओं ने आतिशबाजी कर दीपोत्सव का स्वागत किया।

यूपी में राज्य कर्मचारियों को दीपावली का तोहफा

महंगाई भत्ता 58 से बढ़कर हुआ 63 प्रतिशत

संचार जगत



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों को दीपावली के अवसर पर बड़ी सौगात दी है। उसने राज्य कर्मचारियों, सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थानों, शहरी स्थानीय निकायों के नियमित एवं पूर्णकालिक कर्मचारियों, कार्यप्रभारित कर्मचारियों तथा यूजीसी वेतनमान पर कार्यरत पदधारकों का महंगाई भत्ता 5 प्रतिशत बढ़ा दिया है। अब कर्मचारियों को 58 प्रतिशत के स्थान पर 63 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। बढ़ी हुई दर एक जुलाई 2026 से प्रभावी होगी। बढ़े हुए महंगाई भत्ते का भुगतान नवंबर 2026 के नियमित वेतन के साथ किया जाएगा। सरकार के इस फैसले से प्रदेश के लाखों कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। योगी सरकार का यह निर्णय प्रदेश के नियमित कर्मचारियों के साथ सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, शहरी स्थानीय निकायों और अन्य पात्र कर्मचारी वर्गों को भी राहत देने वाला है।

सीएम की मंशा जिले का विस्तार करना: केबिनेट मंत्री

संचार जगत



बीकानेर। बीकानेर की जोड़बीड़ आवासीय कॉलोनी की समस्याओं और सालों से रुके हुए विकास कार्यों को लेकर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने खास बैठक की। इस दौरान मंत्री ने अधिकारियों के साथ कॉलोनी का निरीक्षण कर मौके पर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। दरअसल, बीडीए की इस कॉलोनी में लोगों ने ज्यादा उत्साह नहीं दिखाया। जिसके कारण न तो ज्यादा मकान बने हैं और न ही बिक रहे है। ऐसे में केबिनेट मंत्री सुमित गोदारा शनिवार को मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं की कमी देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा बीकानेर शहर का विस्तार करने की है। इसी उद्देश्य से बीडीए का कार्यालय यहां स्थापित किया गया है। जैसे-जैसे यहां मकानों का निर्माण होगा, कॉलोनी का तेजी से विस्तार होगा। मंत्री ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि कॉलोनी में बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सालों से लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने और जनसमस्याओं का स्थायी समाधान करने के निर्देश भी दिए। बैठक में सड़क निर्माण, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और आगामी विकास कार्यों की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। जोड़बीड़ विकास समिति के प्रतिनिधियों और आवंटियों ने भी अपनी समस्याएं रखीं।

कसाना ने जीता गोल्ड मेडल



दौसा। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप किंग क्लासिक 2.0 में दौसा जिले के सिकंदरानिवासी भूपेंद्र कसाना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया है। इस उपलब्धि से जिलेभर के खेल प्रेमियों और युवाओं में उत्साह का माहौल है। कसाना ने 74 किलोग्राम भार वर्ग की जूनियर क्लासिक फिजिक प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ट शारीरिक सौष्ठव और संतुलन का प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। चैंपियनशिप में अव्वल रहने पर भूपेंद्र को 21 हजार रुपये नकद पुरस्कार, स्वर्ण पदक, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अजमेर को मिलीं 20 नई ई-बसें, 15 रूटों पर होगा संचालन



संचार जगत

अजमेर। प्रधानमंत्री ई-बस सेवा के तहत अजमेर को 20 नई वातानुकूलित ई-बसें मिली हैं। शहर के 15 रूटों पर इन बसों का संचालन होगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और महापौर अनामिका शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि पहले अजमेर को 30 बसें मिलनी थीं। उन्होंने अजमेर के लिए और बसें आवंटित कराने का प्रयास किया। इसके बाद अब कुल 100 बसों के आवंटन को मंजूरी मिली है। इससे शहरवासी अजमेर सहित आसपास के क्षेत्रों किशनगढ़, पीसांगन और नसीराबाद तक सफर कर सकेंगे। महापौर अनामिका शर्मा ने कहा कि इन बसों के संचालन से लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। आयुक्त गौरव बुढ़ानिया ने बताया कि बसों की रेंज करीब 200 किलोमीटर तक है।

हाईकोर्ट ने कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपियों की याचिका खारिज की

संचार जगत



उदयपुर। उदयपुर के बहुचर्चित कन्हैयालाल साहू हत्याकांड में आरोपियों की ओर से अपने खिलाफ लगाई गई आतंकवाद से संबंधित धारा हटाने की मांग को लेकर दायर याचिका को राजस्थान हाईकोर्ट के खारिज करने के फैसले से पीड़ित परिवार को बड़ी राहत मिली है। इस फैसले को कन्हैयालाल के बेटे यश साहू ने न्यायपालिका पर भरोसे की जीत बताया है। उन्होंने फैसले पर खुशी जताते हुए कहा कि इससे परिवार की न्याय की उम्मीद और मजबूत हुई है। हालांकि, इस राहत के बीच यश साहू का दर्द और आक्रोश भी सामने आया। उनका कहना है कि पिता की निर्मम हत्या को चार साल से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन परिवार को अब तक पूरा न्याय नहीं मिला है। हत्यारों को अभी तक फांसी की सजा नहीं मिलने से परिवार निराश है। यश ने सरकार और न्यायपालिका से मांग की कि मामले में जल्द फैसला हो और उनके पिता के हत्यारों को जल्द से जल्द फांसी की सजा दिलाई जाए। दरअसल, कन्हैयालाल साहू की हत्या के मामले में आरोपियों ने अपने खिलाफ लगाई गई आतंकवाद से संबंधित धारा को हटाने की मांग करते हुए राजस्थान हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

अलवर में व्यापारियों ने निगम के सामने लगाया जाम



संचार जगत

अलवर। अलवर शहर में दिवाली हाट बाजार को लेकर छिड़ा विवाद शनिवार को एक बार फिर सामने आया। दरअसल, नगर निगम ने 3 नवंबर को घंटाघर, होप सर्कस और पुराने बाजारों से फुटकर दुकानदारों को हटाकर कंपनी बाग रोड स्थित दिवाली हाट में शिफ्ट किया था। इसके बावजूद शुक्रवार को कुछ दुकानदारों ने पुराने ठिकानों पर दोबारा दुकानें सजा लीं। इसकी जानकारी मिलते ही दिवाली हाट में शिफ्ट हुए व्यापारी भड़क गए और नगर निगम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। इस दौरान व्यापारियों ने सड़क पर जाम भी लगा दिया। मामले की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और होप सर्कस व घंटाघर के आसपास सड़क पर लगी दुकानों को हटवाया। इसके बाद व्यापारियों का विरोध शांत हुआ। धरने पर बैठे व्यापारी रविंद्र कुमार और विनय सिंह ने नगर निगम की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि जब निगम ने उन्हें पुराने बाजारों से हटाया था, तब स्पष्ट कहा गया था कि घंटाघर और होप सर्कस क्षेत्र में किसी भी दुकानदार को दिवाली का सामान बेचने की अनुमति नहीं होगी।

दिवाली में देशभर में बिक्री 7 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंचने की उम्मीद



नई दिल्ली। दिवाली और धनतेरस के मौके पर देशभर के बाजारों में इस वर्ष जबरदस्त खरीदारी देखने को मिली है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अनुसार दिल्ली में दिवाली से संबंधित व्यापार रिकॉर्ड एक लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर चुका है, जबकि देशभर में कुल बिक्री 7 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार करने की ओर अग्रसर है। कैट के अनुसार इस वर्ष सोना, चांदी और आभूषणों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक सामान तथा घरेलू उपकरणों तक लगभग सभी प्रमुख श्रेणियों में मजबूत मांग दर्ज की गई। मोबाइल फोन, एलईडी टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और एयर कंडीशनर जैसे उत्पादों की बिक्री में उल्लेखनीय तेजी देखी गई। कपड़ा और फैशन क्षेत्र ने भी शानदार प्रदर्शन किया। साड़ियां, सूट, कुर्ते, रेडीमेड परिधान, बच्चों के कपड़े और पारंपरिक परिधानों की बिक्री में बड़ा उछाल दर्ज किया गया। इसके अलावा मिट्टी के दीये, भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की मूर्तियां, पूजा सामग्री, मिठाइयां और अन्य खाद्य उत्पादों की मांग भी काफी बढ़ी। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में भी खरीदारों की अच्छी भागीदारी रही। वहीं खादी, हथकरघा उत्पाद, हस्तशिल्प वस्तुएं, स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाए गए उत्पाद और महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार सामानों की बिक्री में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

पेरिस मास्टर्स

अल्काराज के वार से फ्रिट्ज का टूटा सपना

जोडार को मिला एटीपी फाइनल्स का टिकट



नई दिल्ली/संचार जगत

कार्लोस अल्काराज ने टेलर फ्रिट्ज को 6-7 (10), 7-5, 6-3 से हराकर पेरिस मास्टर्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली। अल्काराज की जीत ने फ्रिट्ज की एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को खत्म कर दिया और इसके बजाय यह पक्का कर दिया कि उनके देश के राफेल जोडार साल के आखिर में होने वाले टूर्नामेंट के लिए आखिरी जगह पक्की कर लें।

कार्लोस ने फ्रिट्ज के खिलाफ की जबरदस्त वापसी

अल्काराज ने फ्रिट्ज के खिलाफ मैच में जबरदस्त वापसी करते हुए सीजन के अपने तीसरे एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में पहुंच गए। वह मैच में 36-7 (10) और 3-5 से पीछे थे और अपनी सर्व पर एक मैच पॉइंट का सामना कर रहे थे, इससे पहले कि उन्होंने एक शानदार पॉइंट जीतकर स्कोर 4-5 कर दिया। इसके बाद अल्काराज को अगले गेम में फ्रिट्ज की सर्व पर एक मैच पॉइंट बचाना पड़ा, इससे पहले कि वह उन्हें 5-5 से बराबर कर पाते। अल्काराज ने तब अपना गेम बेहतर किया जब यह सबसे ज्यादा जरूरी था, क्योंकि उन्होंने अगले दो गेम जीतकर डिसाइडर में चीजें अपने नाम कीं।

डकवर्थ लुईस प्रणाली से भारत ने न्यूजीलैंड को 4 रन से हराया, सीरीज में 2-0 की बढ़त

बारिश में भी नहीं धुला भारत का जीत का रंग

राहुल की संयमित पारी और तेज गेंदबाजों ने दिखाया दम



नई दिल्ली/संचार जगत

सितारों से सजे भारतीय बल्लेबाजी क्रम की शुरुआती नाकामी के बाद केएल राहुल की संयमित पारी के दम पर भारत ने वर्षाबाधित दूसरे वनडे में शनिवार को न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर 4 रन से हरा दिया। अब भारत 5 मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे है। तीसरा मैच मंगलवार को हैमिल्टन में खेला जाएगा।

जीत के लिए 47 ओवर में 135 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 26 ओवर में 7 विकेट 113 रन पर गंवा दिए थे, जब बारिश शुरू हो गई। उस समय डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर भारत को 109 रन की जरुरत थी। भारत ने अपने तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से न्यूजीलैंड को 41 ओवर में 134 रन पर समेट दिया।

भारतीय गेंदबाजों ने फेंकी 176 डॉट गेंदें

आकिब नबी ने 7 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि अंशुल कम्बोज ने 8 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट चटकाए । वहीं बराड़ ने 10 ओवर में 30 रन देकर 4 विकेट लिए, जो उनके कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उन्होंने शॉर्ट गेंदों का बखूबी इस्तेमाल करके मेजबान मध्यक्रम की कमर तोड़ दी। अर्शदीप सिंह ने 7 ओवर में 16 रन दिए लेकिन उन्हें विकेट नहीं मिली। उन्होंने हालांकि बेहद अनुशासित और सटीक गेंदबाजी करके दबाव बनाया। भारतीय गेंदबाजों ने 176 डॉट गेंदें फेंकी।

जीरो पर आउट हुए गिल

जवाब में कप्तान शुभमन गिल पहली ही गेंद पर जैकब डफी का शिकार हुए और खाता खोले बिना स्लिप में कैच दे बैठे। डफी ने विराट कोहली (7) को भी पवेलियन भेजा। रोहित शर्मा ने 28 गेंद में 23 रन बनाए लेकिन सीम का सामना करने में सहज नहीं दिखे। अक्षर पटेल (7) और श्रेयस अय्यर (30) शॉर्ट गेंदों पर विकेट गंवा बैठे। वहीं पहली 20 में से 18 डॉट गेंद खेलने वाले राहुल ने अपना संयम बनाए रखा और डफी को छक्का लगाकर टीम को सौ रन के पार पहुंचाया। राहुल ने 38 गेंद में 26 रन बनाए।



रोहित ने तोड़ा अफरीदी का वर्ल्ड रिकॉर्ड

रोहित शर्मा ने कीवी टीम के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 2 छक्के लगाए और वो वनडे में इस टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए और शाहिद अफरीदी का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ दिया। शाहिद अफरीदी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में कुल 50 छक्के अपने करियर के दौरान लगाए थे, लेकिन रोहित ने 51 छक्के लगाते हुए उन्हें पीछे छोड़ दिया और लिस्ट में टॉप पर पहुंच गए जबकि शाहिद अफरीदी अब दूसरे नंबर पर आ गए।

जूझते नजर आए विल यंग

इससे पहले गिल ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का सही फैसला लिया। बारिश और मौसम को देखते हुए मैच प्रति टीम 47 ओवर का कर दिया गया था। नबी ने सबसे पहले टिम सीफर्ट (0) का विकेट लिया। मिडविकेट पर खड़े कम्बोज ने सामने की ओर डाइव लगाकर कैच पकड़ा और नबी को उनका पहला अंतरराष्ट्रीय विकेट दिलाया। विल यंग ने 17 गेंद में 6 रन बनाए और वह जूझते ही नजर आए। आफ स्टम्प पर पड़ती गेंद पर बल्ला अड़ाकर वह विकेट के पीछे केएल राहुल को कैच देकर लौटे। हेनरी निकोल्स 26 गेंद में 11 रन बनाकर नौवें ओवर में कम्बोज की गेंद पर बोल्ड हुए।

खबर संक्षेप



चेन्नई ओपन : वैष्णवी रुतुजा ने रचा इतिहास

चेन्नई। वैष्णवी अडकर और रुतुजा भोसले ने डब्ल्यूटीए टूर स्तर के किसी टूर्नामेंट के युगल फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने चेन्नई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रोमांचक सेमीफाइनल में पोलैंड की वेरोनिका फाल्कोव्स्का और अमेरिका की अलाना स्मिथ की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6-2 2-6 10-8 से हराया। भारतीय जोड़ी पहला सेट आसानी से जीतने के बाद दूसरे सेट में लड़खड़ा गई लेकिन उन्होंने निर्णायक सुपर टाई-ब्रेक में संयम बनाए रखा और जीत हासिल की।

श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट खेलेंगे जमाल



रावलपिंडी। ऑलराउंडर आमिर जमाल को श्रीलंका के खिलाफ 9 नवंबर से होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए पाकिस्तान की टीम में शामिल किया गया है। बाएं हाथ के स्पिनर अली उस्मान और सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला फजल को टीम से बाहर कर दिया गया है। पाकिस्तान ने अपनी टीम में काफी बदलाव किए हैं तथा कई ऐसे खिलाड़ी टीम में शामिल किए हैं, जिन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है। इन खिलाड़ियों में बल्लेबाज मोहम्मद तैयब आरिफ, समीर मिन्हास, मोहम्मद सलमान, मोहम्मद ताहा और तेज गेंदबाज साकिब खान और अली शब्बीर शामिल हैं।

लंदन ओपन : क्वार्टर फाइनल में हारे सेंथिल

लंदन। भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी वेलावन सेंथिलकुमार को लंदन ओपन के पुरुष क्वार्टरफाइनल में फ्रांस के आमिर खालिद जोयूसेलिन से उलटफेर का सामना करना पड़ा। दुनिया के 42वें नंबर के खिलाड़ी और दूसरे वरीय सेंथिलकुमार को 18000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट में दुनिया के 99वें नंबर के आमिर से 11-13, 6-11, 7-11 से हार मिली।

टेस्ट श्रृंखला से पहले फॉर्म में लौटे जायसवाल, जड़ा शतक



नई दिल्ली/संचार जगत

यशस्वी जायसवाल के लगातार दूसरे शतक से भारत ए ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ शनिवार को तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन 2 विकेट पर 227 रन बना लिए। जायसवाल ने 138 गेंद में 102 रन बनाकर 19 नवंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले फॉर्म में वापसी की।

बारिश के कारण 70वें ओवर में पहले दिन का खेल खत्म करना पड़ा। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर साइ सुदर्शन (205 गेंद में नाबाद 77 रन) और कप्तान ध्रुव जुरेल (नाबाद 12) क्रीज पर थे। टेस्ट श्रृंखला से पहले जसप्रीत बुमराह, रविंद्र जडेजा और प्रसिद्ध कृष्णा भी यह मैच खेल रहे हैं।

जायसवाल ने लगाई चौकों की हैट्रिक

जायसवाल ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ए के किसी भी गेंदबाज को नहीं बख्शा। उन्होंने जेरोड मैकी को दो बार लगातार तीन चौके लगाए। न्यूजीलैंड ए ने जायसवाल का कैच उस समय छोड़ा था जब वह 54 रन पर थे। इसका खामियाजा टीम को भुगतना पड़ा। जायसवाल ने आफ स्पिनर डीन फॉक्सक्राफ्ट की गेंद पर 44वें ओवर में स्वीप शॉट खेलकर अपना शतक पूरा किया। इसके कुछ देर बाद ही वह फर्न्स की गेंद पर मिडआफ में कैच देकर आउट हो गए। मैकी ने 63वें ओवर में देवदत्त पडिक्कल को रवाना किया ।

हार्दिक का पंजाब किंग्स, अर्शदीप का एमआई में जाना तय

नई दिल्ली/संचार जगत

आईपीएल नीलामी से पहले मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच खिलाड़ियों की अदला-बदली (ट्रेड) पर सहमति बन गई है। इससे स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पंजाब किंग्स जबकि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह मुंबई इंडियंस से जुड़ जाएंगे। यह सौदा हालांकि अभी प्रस्तावित है और इसे भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मंजूरी मिलना बाकी है। आईपीएल से जुड़े एक सूत्र ने इस ट्रेड की पुष्टि की है। सूत्र ने बताया कि हार्दिक पंड्या श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलने को लेकर खुश हैं। उम्मीद है कि श्रेयस अय्यर आगामी सत्र में भी पंजाब किंग्स के कप्तान बने रहेंगे। सूत्र ने कहा, 'ट्रेड पूरा हो चुका है। हार्दिक पंजाब किंग्स में जा रहे हैं और अर्शदीप मुंबई इंडियंस में शामिल हो रहे हैं। हार्दिक श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलने को लेकर खुश हैं।' उनके अनुसार, 'अर्शदीप के बदले हार्दिक को ट्रेड करने का फैसला कप्तान और कोच का था। अर्शदीप लंबे समय से पंजाब किंग्स के साथ जुड़े हुए हैं और फ्रेंचाइजी के लिए शानदार प्रदर्शन करके आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं।





2024 सत्र में मुंबई में लौटे थे हार्दिक

हार्दिक 2024 सत्र में मुंबई इंडियंस में लौटे थे और उन्हें लंबे समय तक टीम की कप्तानी करने वाले रोहित शर्मा की जगह कप्तान बनाया गया था। हालांकि हार्दिक की कप्तानी में मुंबई इंडियंस का सफर उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। पांच बार की चैंपियन टीम हार्दिक के नेतृत्व संभालने के बाद तीन सत्र में से दो बार प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही। यह सौदा बीसीसीआई द्वारा खिलाड़ियों को बरकरार रखने की समय सीमा को 17 नवंबर तक बढ़ाने के बाद हुआ है, जिससे दोनों फ्रेंचाइजी को 16 दिसंबर को गोवा में होने वाली मिनी नीलामी से पहले आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा।

दूसरा टेस्ट : तौहीद हिरदॉय ने इतिहास रचा वेस्टइंडीज के खिलाफ जड़ा 'दोहरा शतक'



सिलहट। तौहीद हिरदॉय के नाबाद 'दोहरे शतक' की मदद से बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली पारी में बढ़त हासिल की। सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तौहीद 242 रन बनाकर नाबाद रहे। यह टेस्ट फॉर्मेट में किसी बांग्लादेशी बल्लेबाज की सबसे बड़ी पारी है। तौहीद ने 359 गेंदों में 11 छक्के और 22 चौके जड़ते हुए मुशफिकुर रहीम के 219* रन के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जो उन्होंने 2018 में जिम्बाब्वे के खिलाफ मीरपुर में बनाया था। सीरीज के दूसरे मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने पहली पारी में 356 रन बनाए। कैरेबियन टीम ने महज 27 रन तक 3 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद आमिर जंगू ने केविन विकहम के साथ चौथे विकेट के लिए 131 रन, जबकि जस्टिन ग्रीव्स के साथ 106 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। इसके जवाब में लड़खड़ाती शुरुआत के बावजूद बांग्लादेशी टीम ने पहली पारी में 386 रन बनाकर 30 रन की बढ़त हासिल कर ली। मेजबान टीम ने 51 रन तक अपने 3 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद तौहीद हिरदॉय ने मोर्चा संभाला। उन्होंने मुशफिकुर रहीम के साथ चौथे विकेट के लिए 73 रन जुटाकर टीम को 124 के स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन मुशफिकुर (34) के आउट होने के बाद टीम फिर से लड़खड़ा गई। आलम ये रहा कि 184 के स्कोर तक 7 विकेट गिर गए।

सैयद मुश्ताक अली

17 साल के विकल्प को मिली छत्तीसगढ़ की कप्तानी



नई दिल्ली/संचार जगत

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए छत्तीसगढ़ ने स्क्वॉड का ऐलान किया और 17 साल के विकल्प तिवारी को कमान दी है। विकल्प ने अभी तक सीनियर लेवल पर कोई टी20 मुकाबला नहीं खेला है फिर भी उनके नेतृत्व में टीम चुनी गई है। हालांकि विकल्प ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग में हिस्सा लिया है और यहां पर कमाल किया है। यही वजह है कि उनको नेतृत्व दिया गया है। वे सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026 में वैभव सूर्यवंशी के बाद दूसरे नौजवान कप्तान होंगे। 15 साल के वैभव बिहार की पहले दो मैचों में कमान संभालेंगे।

मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करते हैं

राजनांदगांव के विकल्प बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं और मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करते हैं। विकल्प ने इसी साल फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था तो पिछले विजय हजारे ट्रॉफी से उनका लिस्ट ए में पदार्पण हुआ था। वे अभी तक छह फर्स्ट क्लास और इतने ही लिस्ट ए मैच खेल चुके हैं। फर्स्ट क्लास मैचों में उन्होंने 30.20 की औसत से 301 रन बनाए। दो अर्धशतक उनके नाम इस फॉर्मेट में है। वहीं लिस्ट ए में एक शतक से विकल्प ने 38.60 की औसत के साथ 193 रन बनाए हैं।

मध्यप्रदेश के कप्तान बने पाटीदार

इंदौर। आगामी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए रजत पाटीदार को मध्य प्रदेश का कप्तान नियुक्त किया गया है। मध्य प्रदेश को 'एलीट ग्रुप-सी' में रखा गया है। टीम अपने पहले चार मैच न्यू चंडीगढ़ में खेलेगी, जबकि बाकी तीन मुकाबले मोहाली में आयोजित होंगे।

बड़ोदा की कमान क्रुणाल को, हार्दिक बाहर



बडोदरा। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026-27 के लिए बड़ोदा की टीम का ऐलान कर दिया गया। 14 नवंबर से शुरू होने वाले इस टी20 घरेलू टूर्नामेंट के लिए बड़ोदा टीम का कप्तान क्रुणाल पंड्या को बनाया गया है जबकि स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की मैदान पर वापसी इस टूर्नामेंट के लिए जरिए कम से कम नहीं हो पाएगी। हार्दिक पंड्या अभी पूरी तरह से फिट नहीं हैं और इसकी वजह से ही उन्हें इस टीम का हिस्सा नहीं बनाया गया है। 32 साल के हार्दिक पंड्या ने 24 मई के बाद से कोई मैच नहीं खेला है। उन्होंने इस साल आखिरी मैच आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए खेला था और उसके बाद से वो चोटिल हैं।

अंडर-19 एशिया कप: ग्रुप-ए में आज रोमांचक मुकाबला

पाकिस्तान से हिसाब चुकता करने उतरेगा भारत

नई दिल्ली/संचार जगत

पिछली बार अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान से पराजय झेलने वाला भारत रविवार को होने वाले ग्रुप ए के महत्वपूर्ण मुकाबले में बदला चुकता करने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगा। भारत ने अपने पहले मैच में नेपाल को 10 विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। उसने 128 रन के लक्ष्य को 19.1 ओवर में हासिल कर दिया था।

वहीं, पाकिस्तान ने मेजबान यूएई के खिलाफ 37.3 ओवरों में 225 रन के लक्ष्य को हासिल करते हुए 9 विकेट से जीत दर्ज की थी। यह मैच ग्रुप ए में शीर्ष पर रहने वाली टीम के निर्धारण को देखते हुए महत्वपूर्ण है। इसमें जीत हासिल करने वाली टीम के ग्रुप में शीर्ष पर रहने की संभावना बढ़ जाएगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। दोनों टीम ने अपने अभियान का शानदार आगाज किया है और ऐसे में रविवार को होने वाला मैच काफी रोमांचक होने की संभावना है।



आत्मविश्वास से भरी पाक टीम

फरहान यूसुफ की अगुवाई वाली पाकिस्तान की टीम यूएई पर मिली शानदार जीत के बाद विशेष रूप से आत्मविश्वास से भरी होगी। यूसुफ पिछली बार भी पाकिस्तान की टीम के कप्तान थे। तब पाकिस्तान ने दुबई के आईसीसी क्रिकेट अकादमी ग्राउंड में भारत को 191 रन से हराया था। भारतीय टीम अब उस हार का बदला चुकता करने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

पाकिस्तान की बल्लेबाजी मजबूत

पाकिस्तान की बल्लेबाजी काफी मजबूत है जिसमें सलामी बल्लेबाज उस्मान खान भी शामिल है, जिन्होंने यूएई के खिलाफ पिछले मैच में नाबाद 139 रन बनाए थे। जहांगीर बिलाल और अब्दुल कादिर ने भी अच्छी फॉर्म दिखाई है, जिससे पाकिस्तान का शीर्ष क्रम मजबूत नजर आ रहा है। भारतीय गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अनुशासित गेंदबाजी करनी होगी।

दीपावली के पहले ही मंदिरों-भवनों को सजाया

देश के नामी मंदिर और प्रसिद्ध स्थान जगमगाए, फूलों में डूबे केदारनाथ

दीपावली का पर्व पूरे देश में श्रद्धा, उल्लास और धूमधाम के साथ मनाया जाता है। हिंदू सनातन परंपरा में इस दिन धन, वैभव और समृद्धि की देवी माता लक्ष्मी की पूजा का विशेष विधान है। देशभर में माता लक्ष्मी के पूजन की परंपरा सदियों पुरानी है।

नई दिल्ली/संचार जगत

दीपावली के पावन अवसर पर उत्तराखंड स्थित विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के मंदिर परिसर और गर्भगृह को करीब 18 से 20 क्विंटल रंग-बिरंगे फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर को गेंदे और अन्य आकर्षक फूलों से सजाया गया है,और मंदिर के प्रवेश द्वार पर फूलों से 'जय श्री केदार' लिखा गया है। बाबा केदार के कपाट शीतकाल के लिए 11 नवंबर को विधिविधान के साथ बंद किए जाएंगे। दिल्ली के बुराड़ी (हिरण की रोड) क्षेत्र में श्री केदारनाथ धाम दिल्ली ट्रस्ट द्वारा केदारनाथ मंदिर का निर्माण प्रस्तावित/कार्यरत है, जिसकी प्रतिकृति तैयार की जा रही है।



केदारनाथ मंदिर को 20 क्विंटल रंग-बिरंगे फूलों से सजाया।


झुंझुनूं। फूलों से सजे खेतड़ी के प्रसिद्ध मंदिर, सतरंगी रोशनी से जगमग हुए देवस्थान विभाग ने करवाई सजावट।

सलाखों के पीछे उम्मीदों की रोशनी

हाई सिक्योरिटी जेल में सीमित साधनों में बंदियों ने की सुंदर सजावट

अजमेर। अंधेरी तो देहरी पर है मगर उम्मीदों के दीये रोशन हैं, जिनके जीवन में सलाखों के पीछे अंधेरा है, वे भी रोशनी के सपने देखना नहीं भूले हैं। हाई सिक्योरिटी जेल, घूघरा, अजमेर में दीपावली के अवसर पर बंदियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा से बड़ा संदेश दिया है। बंदियों ने सीमित संसाधनों के बीच कल्पनाशक्ति और हुनर से दीपावली की आकर्षक सजावट तैयार की है।



प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति भवन में मनाई दिवाली

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिवाली के पावन अवसर पर राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने उपराष्ट्रपति भवन जाकर उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से भी मुलाकात की और दिवाली की बधाई दी। पीएम मोदी ने एक वीडियो संदेश के जरिए देशवासियों को दिवाली की बधाई दी और कहा कि प्रकाश का यह पर्व अंधकार के खिलाफ संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने अपनी परंपरा को जारी रखते हुए इस वर्ष भी देश के वीर जवानों के साथ दिवाली मनाने की बात कही है।


नई दिल्ली। दिवाली की शुभकामनाएं देने के लिए हुई एक मुलाकात के दौरान उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

दीपके का ऐलान, SIR के खिलाफ जारी रहेगी CJP की लड़ाई

कोच्चि,आरएनएन। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शनिवार को दावा किया कि एसआईआर के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। वह कोच्चि में एसआइआर के खिलाफ जंतर-मंतर एट कोच्चि विरोध प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले, कोच्चि हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए दीपके ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक कि एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रणाली स्थापित नहीं हो जाती।



उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त के कार्यकाल में होने वाले चुनावों पर भरोसा नहीं किया जा सकता और एक राजनीतिक दल को फायदा पहुंचाने के लिए इनमें हेरफेर की जा रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पूरे देश में मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं और एसआईआर प्रक्रिया से कोई भी राज्य अछूता नहीं है। दीपके ने शनिवार को कहा कि 2029 के लोकसभा चुनावों में मोदी सरकार सत्ता से बाहर हो जाएगी।

पड़ोसी दुश्मन देश ने नवंबर में होने वाले विश्व पंजाबी सम्मेलन को बताया इसकी मुख्य वजह

अगर भारत की सरकार वीजा दे... तो भगवंत मान को लाहौर बुलाने का इच्छुक है पाकिस्तान

मामले पर भारत की तरफ से अभी तक नहीं दी गई कोई प्रतिक्रिया

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत के निकट पड़ोसी दुश्मन देश पाकिस्तान की तरफ से पंजाब के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता भगवंत मान को लाहौर बुलाए जाने की इच्छा जताई गई है। जिसकी मुख्य वजह उसने मौजूदा नवंबर महीने में होने वाले विश्व पंजाबी सम्मेलन को बताया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सज्जाद हैदर खान ने एक हालिया प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों द्वारा इस मामले पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में बताया कि पाकिस्तान की सरकार भारत के पंजाब राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान को वीजा देना चाहती है। अगर वो हमारे देश की यात्रा करना चाहें तो हम उन्हें वीजा देने के लिए तैयार हैं। इसी नवंबर महीने में लाहौर में विश्व पंजाबी सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए हम मान को बुलाना चाहते हैं।


यहां बता दें कि इस मामले को लेकर अभी तक भारत की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। लेकिन आगामी दिनों में इस बाबत तस्वीर साफ हो सकती है।

भारत की सरकार की मंजूरी जरूरी

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने अपने जवाब में ये भी स्पष्ट किया कि हम तो आम आदमी पार्टी के नेता को अपने देश की यात्रा के लिए वीजा देने के लिए तैयार हैं। लेकिन इस मामले में भारत की सरकार की मंजूरी भी आवश्यक है। अगर नई दिल्ली की सरकार उन्हें अपने पड़ोसी देश की यात्रा के लिए सीमा के पार जाने की अनुमति प्रदान करे, तो हम मान को वीजा देने के लिए राजी हैं।

मान ने की निमंत्रण मिलने की पुष्टि

यहां बता दें कि भगवंत मान ने पिछले महीने के अंतिम सप्ताह के दौरान 23 अक्टूबर को पाकिस्तान की तरफ से लाहौर में 27 नवंबर को विश्व पंजाबी सम्मेलन में शिरकत करने के लिए एक निमंत्रण मिलने की पुष्टि की थी। उन्होंने पाकिस्तान यात्रा को लेकर भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी दिए जाने को लेकर अनिश्चितता भी जताई थी। मान के मुताबिक, हमारी संस्कृति समान है। यहां देश से कई कवि वहां जाएंगे। उन्होंने करतारपुर साहिब कॉरिडोर के एक बार फिर से खुलने के मुद्दे का उल्लेख करते हुए कहा कि मैं राज्य की विधानसभा के सभी सदस्यों के साथ सीमापार जाकर पवित्र स्थल के दर्शन करना चाहता हूं।

पाक ने 9 हजार भारतीयों को दिया वीजा

खान ने कहा कि पाकिस्तान ने पिछले साल धार्मिक पर्यटन के लिए कुल करीब 9 हजार भारतीयों को वीजा प्रदान किया था। जिसमें सिख के अलावा हिंदू तीर्थयात्री भी शामिल थे। इसके अलावा मौजूदा साल की पहली छमाही के दौरान पाकिस्तान सरकार ने भारत के 4 हजार अतिरिक्त सिख तीर्थयात्रियों को वीजा प्रदान किया है।

व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रम्प ने मनाई दिवाली...

ओवल ऑफिस में जलाया दीया, कारोबारी गोंडल ने राष्ट्रपति को दी हनुमान चालीसा



नई दिल्ली/संचार जगत

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के साथ दिवाली मनाई। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक दीया जलाया और भारतीय समुदाय के लोगों को त्योहार की शुभकामनाएं दीं। समारोह में भारतीय मूल के अधिकारी, कारोबारी और अन्य प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं।

इस अवसर पर राष्ट्रपति ट्रम्प को हनुमान चालीसा की एक प्रति भी भेंट की गई। हेल्थ टेक कंपनी जीओक्यूआईआई के संस्थापक और भारतीय उद्यमी विशाल गोंडल ने ट्रम्प से मुलाकात के दौरान उन्हें हनुमान चालीसा भेंट की। गोंडल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर समारोह की

समारोह में कई प्रमुख हस्तियां हुई शामिल

दिवाली समारोह में अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, एफबीआई निदेशक काश पटेल, आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा, मशहूर शेफ विकास खन्ना और कनाडा की पूर्व सांसद रूबी ढल्ला समेत कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। इसके अलावा अमेरिकी प्रशासन के भारतीय मूल के अधिकारी और कारोबारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

ईरानी एयरोस्पेस फोर्स ने अपना विशेष स्मृति सप्ताह मनाया

पूर्व सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

दुश्मन के 260 विमान मारने और 7 ड्रोन सुरक्षित कब्जे में लेने का दावा

नई दिल्ली/संचार जगत

ईरान की इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) की एयरोस्पेस फोर्स ने अपना विशेष स्मृति सप्ताह मनाया। तेहरान के सरचेशमेह कल्चरल कॉम्प्लेक्स में आईआरजीसी के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल हुसैन मोहेब्बी ने पुराने क्षेत्रीय युद्धों से जुड़े प्रमुख लोगों और शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि एयरोस्पेस वीक, एयरोस्पेस फोर्स के शहीदों, उसके पूर्व सैनिकों, कमांडरों और उनके सम्मानित परिवारों को श्रद्धांजलि देने का एक कीमती अवसर है।



जमीन के नीचे बड़े पैमाने पर मिसाइल ठिकाने

प्रवक्ता मोहेब्बी ने बताया कि ईरान ने जमीन के नीचे बड़े पैमाने पर मिसाइल ठिकाने बनाए हैं। इन ठिकानों को बनाने में देश की अपनी तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। साथ ही, ईरान की भौगोलिक परिस्थितियों का भी फायदा उठाया गया है। ईरान की वायु रक्षा इकाइयों ने 'दुश्मन' के 260 विमानों को रोका और मार गिराया।

12 देशों के साथ विदेश मंत्री की चर्चा

क्षेत्रीय मुद्दों पर ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि उन्होंने 48 घंटों (गुरुवार और शुक्रवार) के भीतर 12 देशों के अपने समकक्षों से संवाद स्थापित किया। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने इसकी जानकारी दी।

पोलैंड में अंधाधुंध गोलीबारी में 6 की मौत, कई घायल

क्राको। पोलैंड के खूबसूरत शहर क्राको से शनिवार को बेहद डरावनी और सनसनीखेज खबर सामने आई है। शहर के मुख्य बाजार के पास अचानक ताबड़तोड़ गोलियां चलने लगीं, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई।

मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक, इस खतरनाक गोलीबारी में छह बेकसूर लोगों की जान चली गई है, जबकि कम से कम एक दर्जन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। खबर यह भी है कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हमलावर भी मारा गया है।

भारतीय कंपनियों में कृत्रिम मेधा का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बढ़ा

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय कंपनियां कृत्रिम मेधा (एआई) के प्रयोग तक सीमित रहने के बजाय अब इसे बड़े पैमाने पर अपना रही हैं और इसके वास्तविक फायदे भी हासिल कर रही हैं। हालांकि, इसकी राह में लागत, कुशल कर्मचारियों की उपलब्धता और बुनियादी ढांचे से जुड़ी चुनौतियां अब भी मौजूद हैं।

ओरेकल इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और जापान एवं एशिया-प्रशांत क्षेत्र में कंपनी की क्लाउड सेवा नेटसुइट के क्षेत्रीय प्रबंध निदेशक शैलेन्द्र कुमार ने यह बात कही।कुमार ने ''ओरेकल एआई वर्ल्ड 2026'' से इतर कहा कि करीब डेढ़ साल पहले तक कंपनियां एआई के प्रायोगिक इस्तेमाल पर चर्चा कर रही थीं, लेकिन अब इसे बड़े स्तर पर लागू किया जा रहा है। इसके ठोस नतीजे भी सामने आने लगे हैं।उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियां नई तकनीक अपनाने में पीछे नहीं रहतीं, लेकिन वे पहले इसके व्यावहारिक लाभ समझना चाहती हैं। कंपनियां यह जानना चाहती हैं कि इससे उनका समय बचेगा, खर्च घटेगा या कारोबार को कोई अन्य फायदा मिलेगा।

हिंदुस्तान कोका-कोला होल्डिंग्स ने आईपीओ के लिए सेबी में दस्तावेज जमा किए

नई दिल्ली (आरएनएन)। वैश्विक पेय पदार्थ कंपनी कोका-कोला की भारतीय बॉटलिंग इकाई हिंदुस्तान कोका-कोला होल्डिंग्स लिमिटेड (एचसीसीएच) ने शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये पूंजी जुटाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास मसौदा दस्तावेज दाखिल किए हैं। 6 नवंबर को जमा कराए गए दस्तावेजों के मुताबिक, प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में आएगा।

दुनिया में अब तक 2,22,600 टन सोना निकला

1,75,400 टन जमीन में मौजूद, गहनों में सबसे ज्यादा 98,700 टन स्वर्ण, केंद्रीय बैंकों के पास 39,300 टन भंडार

नई दिल्ली/संचार जगत

सोने की कीमतों और इसकी मांग को लेकर अक्सर चर्चा होती रहती है, लेकिन दुनिया में कुल कितना सोना मौजूद है और अब तक कितना खनन किया जा चुका है, यह जानना भी दिलचस्प है। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, इतिहास में अब तक धरती से करीब 2,22,600 टन सोना निकाला जा चुका है। वहीं, 2026 की तीसरी तिमाही तक जमीन के ऊपर मौजूद कुल सोने की मात्रा करीब 2,24,200 टन आंकी गई है। इसका सबसे बड़ा हिस्सा आभूषणों के रूप में रखा गया है।



1,14,400 टन सोने की मौजूदगी का अनुमान

इसके अलावा जमीन के नीचे करीब 1,14,400 टन सोना रिसोर्स की श्रेणी में है। इसका मतलब ऐसे संभावित भंडार से है, जहां सोने की मौजूदगी का भूवैज्ञानिक अनुमान है, लेकिन उसे निकालना फिलहाल आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित नहीं हुआ है। भविष्य में नई खोज, बेहतर तकनीक और लागत में बदलाव से इस सोने के कुछ हिस्से का खनन भी संभव हो सकता है।

एक घन में समा सकता है पूरा सोना

दुनियाभर में अब तक निकाले गए कुल सोने का करीब दो-तिहाई हिस्सा 1950 के बाद खदानों से निकाला गया है। यदि इतिहास में निकाले गए पूरे सोने को एक जगह इकट्ठा कर दिया जाए, तो उससे करीब 22.6 मीटर यानी 74 फीट लंबा, चौड़ा और ऊंचा एक घन बनाया जा सकता है। यानी दुनिया में अब तक निकला पूरा सोना एक बड़े घन में समा सकता है।

61,000 टन सोना निकालना आर्थिक रूप से फायदेमंद

आंकड़ों के मुताबिक, जमीन के नीचे करीब 61,000 टन सोना रिजर्व की श्रेणी में आता है। इसमें वे भंडार शामिल हैं, जिन्हें मौजूदा तकनीक, लागत और बाजार की परिस्थितियों के आधार पर खनन करके निकालना आर्थिक रूप से फायदेमंद माना जाता है।

जमीन के नीचे कितना सोना बाकी

अब तक बड़ी मात्रा में सोना निकाले जाने के बावजूद धरती के भीतर इसके विशाल भंडार मौजूद हैं। इन्हें मुख्य रूप से दो श्रेणियों में बांटा जाता है। पहली श्रेणी रिजर्व और दूसरी रिसोर्स कहलाती है।

गहनों में सबसे ज्यादा हिस्सा

2026 की तीसरी तिमाही तक जमीन के ऊपर मौजूद 2,24,200 टन सोने का अलग-अलग रूपों में बंटवारा इस प्रकार है:

- **सोने के आभूषण:** करीब 98,700 टन यानी कुल मात्रा का लगभग 44 प्रतिशत सोना गहनों के रूप में मौजूद है।
- **छड़ें, सिक्के और गोल्ड ईटीएफ:** करीब 52,400 टन यानी लगभग 23 प्रतिशत सोना इन निवेश माध्यमों में रखा गया है।
- **केंद्रीय बैंकों का भंडार:** दुनिया के केंद्रीय बैंकों के पास करीब 39,300 टन यानी लगभग 18 प्रतिशत सोना मौजूद है।
- **अन्य निवेश और भंडार:** ओवर द काउंटर (ओटीसी) तथा अन्य तरह की होल्डिंग्स में करीब 33,800 टन यानी लगभग 15 प्रतिशत सोना रखा गया है।

नोट: रिजर्व और रिसोर्स के आंकड़े अनुमानित हैं।



स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।